दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 14 जनवरी-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 26 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3






# क्या भाजपा के दो पावर सेंटर के बीच उलझ गया है अध्यक्ष वाला घमासान

## पैरोकारों से लेकर दावेदारों ने डाल दिया है लखनऊ में डेरा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष वाली लड़ाई अब पावर सेंटर वाली प्रतिष्ठा का विषय बन गई है। एक पावर सेंटर केंद्र वालों का है तो दूसरा पावर सेंटर राज्यों वालो का है। घमासान रोचक होता जा रहा है और सबसे रोचक पहलू ये है कि यहां दावेदारों से ज्यादा महानगर अध्यक्ष पद के पैरोकारों ने इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। जहां दावेदार लखनऊ में डेरा डाल चुके हैं वहीं पैरोकार भी लखनऊ में डेरा डाले हुए है। सूत्र बताते हैं कि पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस वाली मीटिंग के तीसरे दिन सीन में लखनऊ आ गया है।

गाजियाबाद वाली गेस्ट हाउस मीटिंग में जो नाम यहां आउट हुए थे वही नाम लखनऊ में भी आउट हुए हैं। सोमवार को लखनऊ में भाजपा शीर्ष नेतृत्व की बैठक हुई। वहां इन नामों पर चर्चा हुई। सूत्र बता रहे हैं कि आलाकमान वाली बैठक के बाद कई नामों की छंटनी हो गई है और स्टोरी का ट्विस्ट ये है कि



प्रदेश वालों की शॉर्टलिस्ट के बाद अधिकतर नाम आउट ऑफ लिस्ट हो गए हैं यानी लिस्ट से बाहर हो गए हैं। लखनऊ वाली मंथन बैठक में सार ये निकला है कि अध्यक्ष वाली संस्तुति में शीर्ष नेतृत्व जनप्रतिनिधियों की राय को महत्व देकर चल रहा है। घमासान बढ़ता जा रहा है।

## कैबिनेट वालों से लेकर निगम की मुखिया सहित लखनऊ में कई का डेरा

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष वाली लड़ाई अब दावेदारों से ज्यादा पैरोकारों की नाक का सवाल बनती जा रही है। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ में जहां दावेदारों ने डेरा डाला है वहीं अपने अपने नामों के पैरोकारों ने भी डेरा डाल दिया है। नगर निगम की मुखिया मेयर लखनऊ में हैं। हालांकि ये भी बताया जाता है कि उनके पास संगठन चुनाव से जुड़े दो अन्य जिलों के दायित्व भी हैं तो वो निगम की मुखिया भी हैं, लिहाजा निगम व अन्य जिलों से जुड़े दायित्व वाले कार्य भी हो सकते हैं, लेकिन अध्यक्ष वाला प्रकरण चल रहा है तो चर्चा में उनका लखनऊ प्रवास आना स्वाभाविक है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी लखनऊ में हैं। उन्होंने मंडल चुनाव में टॉप किया और शत प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी ताकत दिखाई। दस के दस मंडलों में उन्हीं के करीबी चेहरे आए। इस बात पर मुहर तब लगी जब ये सभी मंडल अध्यक्ष घोषित होने के बाद आशीर्वाद लेने कैबिनेट मंत्री के यहां पहुंचे। हालांकि सुनील शर्मा का लखनऊ में होना भी कोई अचरज की बात नहीं है क्योंकि वो कैबिनेट मंत्री हैं तो सरकार के कामकाज से लखनऊ हो सकते हैं। वो विधायक हैं तो विधानसभा के कार्य से लखनऊ हो सकते हैं, लेकिन लखनऊ में हैं तो फिर चर्चा तो होगी ही। वहीं दावेदारों में एक वैश्य दावेदार भी लखनऊ में ही हैं और एक त्यागी दावेदार ने भी यहां डेरा डाला हुआ है और एक ओबीसी दावेदार भी लखनऊ में हैं। अब इस महामंडल वाले घमासान को लखनऊ में सेमिफाइनल माना जा सकता है।

## तनाव तो उपचुनाव के बाद से ही आ गया था और मीटिंग में भी रहा था नाम

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद जब शहर सीट पर उपचुनाव हुआ तो तनाव यहीं से हो गया था। उपचुनाव में ही कुछ मुद्दों को लेकर तनाव की स्थिति बनी थी। जो बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई और जिस बैठक को सहमति बैठक कहा जा रहा था। तनाव उस बैठक में भी रहा। सूत्र बताते हैं कि गेस्ट हाउस वाली बैठक में तनाव रहा और ये तनाव दो पावर सेंटरों के बीच की लड़ाई का था और अब ये कहा जा सकता है कि ये लड़ाई महानगर अध्यक्ष पद की कम और पावर सेंटर की ज्यादा हो रही है। किरदार अब खुल ही चुके हैं और केंद्र वाले सेंटर की कमान सांसद अतुल गर्ग संभाल रहे हैं तो स्टेट वाले सेंटर की कमान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा संभाल रहे हैं।

## खिंच गई है अब सेंटर वाले और स्टेट वाले सेंटर पावर के बीच लाइन

**करंट क्राइम।** कोई कितना भी कहे कि सबकुछ फाइन चल रहा है लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि अब केंद्र और राज्य के बीच एक लाइन खिंच गई है। केंद्र वाला पावर सेंटर अतुल गर्ग का है और स्टेट वाला पावर सेंटर सुनील शर्मा का है। ताकत का मुलाहिजा हो रहा है और यहां इस मुलाहिजे में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मंडल चुनाव में ही अपनी ताकत दिखाई। उन्होंने अपने किरदारों को अपने उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिये कवच कुंडल दिये। अस्त्र-शस्त्र दिये यानी अनुमोदक और प्रस्ताव उपलब्ध कराए। ये तभी तय हो गया कि सुनील शर्मा इस गेम को मजबूती से खेल रहे हैं। बताया जाता है कि दूसरी तरफ भी अध्यक्ष को लेकर तैयारी है और सबसे खास बात ये है कि दो पॉवर सेंटर के बीच में अध्यक्ष कहीं से भी आये, लेकिन अब ये जंग रोचक हो रही है। सांसद खेमे में एक विधायक 50-50 हैं और यहां शहर विधायक पूरी तरह से साथ है। वहीं दूसरे पॉवर सेंटर में एक चेहरे ऐसे हैं जो जनरली पहले बडे घर जाते थे और वो इस सेंटर से जुड गये हैं। नगर निगम की मुखिया इसी सेंटर से कनैक्ट हो गई हैं। कुल मिलाकर अब ये है कि अध्यक्ष वाली संस्तुति के माध्यम से अपनी अपनी ताकत का अब मुलाहिजा कर रहे है। लखनऊ में गुणाभाग चल रहे है।

## आखिर किन नामों पर किन वजह से है सहमति और असहमति

**करंट क्राइम।** जो चेहरे पिछले साल एक दूसरे का हाथ थामे हुए थे अब वो ही हाथ पासे चल रहे है। संगठन वाले चुनाव को लेकर ऐसा क्या हुआ है कि जनप्रतिनिधियों के बीच पाले खिंच रहे है। किन नामों को लेकर सहमति है और क्या वजह है उसमें पहला नाम एक युवा ओबीसी चेहरे का है। इस नाम पर पॉवर सेंटर हैवीवेट ने एक लाईन खींच दी है और वो लाईन ये है कि नाम मैरिट के आधार पर आना चाहिए। इस खेमे का कहना है कि हमें नाम पर आपत्ति नहीं है लेकिन नाम सीरियस होना चाहिए और नाम सक्रिय होना चाहिए तो चर्चा भी सार्थक लगेगी। वहीं सूत्र बताते हैं कि यहां दो ओबीसी चेहरे एक त्यागी चेहरा और एक वैश्य चेहरा भी है। वहीं ये भी बताया जाता है कि कैबिनेट पॉवर सेंटर की तरफ से दो वैश्य चेहरों की पैरवी हो रही है और दो त्यागी चेहरों की पैरवी हो रही है। इनमें से एक चेहरा रेस से बाहर हो गया है। ये पॉवर सेंटर चाहता है कि ओबीसी फैक्टर में पुराने अनुभवी चेहरे को प्राथमिकता है ये उसकी पैरवी कर रहे हैं और इसी पॉवर सेंटर ने एक दलित चेहरे की भी पैरवी की है। ये सेंटर खुद को साध कर चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि मामला त्यागी फैक्टर पर भी है और फाईट में ओबीसी और वैश्य भी चल रहे हैं।

## नहीं रहा कोई डाउट बहुत सारे नाम हो गये आउट

**करंट क्राइम।** गेस्ट हाऊस वाली मीटिंग के तीसरे दिन जब लखनऊ में नामों पर चिंतन मंथन शुरू हुआ तो सूत्र बताते हैं कि यहां बहुत सारे नाम रेस से बाहर हो गये हैं। अब जो सीरियस नाम हैं उनमें दो वैश्य नाम हैं, दो त्यागी नाम हैं और दो ओबीसी नाम हैं। ये वो नाम हैं जो सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। यहां सबसे खास बात ये रही है कि ब्राह्मण फैक्टर पर कोई चर्चा तक नहीं हुई है। कोई ब्राह्मण नाम लिस्ट में नहीं है और ठाकुर फैक्टर भी स्लो है। अब फैसला भाजपा हाईकमान को लेना है और बताया यही जा रहा है कि अब ये सेमीफाईनल जब फाईनल की ओर आयेगा तो यहां मुकाबला वैश्य और ओबीसी के बीच रह जायेगा।

## यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने बॉक्सिंग खिलाड़ियों को पहनाए मेडल




**बरेली (करंट क्राइम) :** फिक्की यूथ के अध्यक्ष एवं यूथ आइकॉन नीरज सिंह सोमवार को बरेली में आयोजित आठवीं इलीट मेंस नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जहां उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेजिडेंट अजय सिंह, ओलिंपिक मैडलिस्ट बॉक्सर विजेंदर सिंह, सेक्रेटरी प्रमोद कुमार, बॉक्सर स्वीटी बूरा, मेयर बरेली उमेश गौतम , रोहित पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।









# 'मैं एक बड़ी सौगात लेकर सेवक के रूप में आया हूं...'

## कश्मीर के सोनमर्ग में टनल उद्घाटन के बाद बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी






**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर के गांदरबल पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने -टङ्गश्ँ टनल का उद्घाटन किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर की जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ये मौसम, ये बर्फ, ये बर्फ की सफेद चादर से ढकी खूबसूरत पहाड़ियां, इन्हें देखकर दिल एकदम प्रसन्न हो जाता है। 2 दिन पहले हमारे मुख्यमंत्री जी ने सोशल मीडिया पर यहां की कुछ तस्वीरें शेयर की थी। उन तस्वीरों को देखने के बाद यहां आपके बीच आने के लिए मेरी बेसब्री और बढ़ गई थी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज मैं एक बड़ी सौगात लेकर आपके एक सेवक के रूप में आपके बीच आया हूं। कुछ दिन पहले मुझे जम्मू में आपके अपने रेल डिवीजन का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। ये आपकी बहुत पुरानी डिमांड थी। आज मुझे सोनमर्ग टनल देश को और आपको सौंपने का मौका मिला है। यानी जम्मू-कश्मीर की, लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है।

उन्होंने कहा कि सोनमर्ग टनल से सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की कनेक्टिविटी भी बनी रहेगी। इससे सोनमर्ग समेत इस पूरे इलाके में टूरिज्म को भी नए पंख लगने वाले हैं। आने वाले दिनों में रेल और रोड कनेक्टिविटी के बहुत सारे प्रोजेक्ट्स जम्मू-कश्मीर में पूरे होने वाले हैं। अब तो कश्मीर वादी रेल से भी जुड़ने वाली है। मैं देख रहा हूं कि इसको लेकर भी यहां जबरदस्त खुशी का माहौल है।

**'हर काम का एक समय होता है...' :** नरेंद्र मोदी ने कहा, केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद ही 2015 में सोनमर्ग टनल के वास्तविक निर्माण का काम शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि इस टनल का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। आप पक्का मानिए, ये मोदी है वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं।

पीएम मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर में हालात बदलने का बहुत बड़ा श्रेय यहां की अवाम को जाता है। ये नए जम्मू-कश्मीर का एक नया दौर है। अब लोग रात के समय भी लाल चौक पर आइसक्रीम खाने जा रहे हैं। रात के समय भी वहां बड़ी रौनक रहती है।

**'हर देशवासी 2047 तक...' :** नरेंद्र मोदी ने कहा, आज भारत, तरक्की की नई बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटा है। ये तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई भी हिस्सा, कोई भी परिवार तरक्की से पीछे न छूटे। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी बीते 10 साल में एक से बढ़कर एक शैक्षणिक संस्थान बने हैंस इसका बहुत बड़ा फायदा यहां के हमारे नौजवानों को हुआ है।

# आप ने जारी किया नया पोस्टर

## 8 फरवरी को प्रचंड जीत का दावा

### दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत गरम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत गरम है। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी रणनीति बना ली है। वरिष्ठ नेता भी वोटरों के पास जाकर अपने उम्मीदवारों के लिए वोट मांग रहे हैं। आप और भाजपा दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ पोस्टर जारी कर रही हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर दिल्ली चुनाव में जीत का दावा किया। इसे लेकर आप ने नया पोस्टर जारी किया है।

### आप ने जीत का किया दावा

आम आदमी पार्टी ने एक्स पर पार्टी का नया पोस्टर पोस्ट किया, जिसमें दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल नए अवतार में नजर आए। यह पोस्टर 8 फरवरी फतेह के नाम से जारी किया गया है, जिसमें अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगी है। आप ने पोस्ट जारी कर लिखा कि 8 फरवरी को इतिहास रचा जाएगा। दिल्ली वाले फिर केजरीवाल लाएंगे।




### बीजेपी ने भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

भारतीय जनता पार्टी ने आप सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर में लिखा है कि 2,026 करोड़ के शराब घोटाले का सरगना महाठग अरविंद केजरीवाल। 5 फरवरी को दिल्ली की जनता हिसाब करेगी। साथ ही इस पोस्टर में अरविंद केजरीवाल की तस्वीर भी लगी हुई है। पोस्टरों को लेकर सियासत तेज : दिल्ली की राजनीतिक गलियारों में इन दोनों पोस्टरों को लेकर चर्चा तेज है और इसे लेकर राजनीतिक माहौल और गरमा गया है। आपको बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण पर 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे, जबकि 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे।

# दिल्ली में अगले तीन दिन घने कोहरे का यलो अलर्ट, बर्फीली हवाएं बढ़ाएंगी ठिठुरन

**नई दिल्ली।** राजधानी में आज से बुधवार तक घना कोहरा छाएगा। इसके लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया। साथ ही, पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाएं ठिठुरन बढ़ाएंगी। इससे न्यूनतम तापमान सात से छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। रविवार को न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान सात डिग्री के करीब रिकॉर्ड हुआ। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री कम रहा, जोकि 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। उधर, सुबह साढ़े छह बजे से लेकर साढ़े सात बजे तक सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 6 डिग्री तक गिर सकता है पारा




रविवार को धूप नहीं खिली। आसमान में बादल छाए रहे। लोगों को दोपहर में ठंड के साथ कोहरे से भी राहत मिली। शाम को अच्छी-खासी ठंड का अहसास हुआ। शाम होने के साथ ही कोहरे ने एक बार फिर अलग-अलग इलाकों को अपने आगोश में ले लिया। ऐसे में धीरे-धीरे दृश्यता फिर कम होने लगी। मौसम विभाग के मुताबिक आया नगर में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, रिज में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री, आया नगर में 8.4 व लोधी रोड में 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**तीन दिन तक सर्दी के साथ कोहरा सताएगा :** मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर मध्यम स्तर का कोहरा और कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं, शाम व रात में हल्का कोहरा छाए रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश : 19 और 07 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। साथ ही, हवा में नमी का स्तर 78 फीसदी के साथ 100 फीसदी तक रहा।

# हाईकोर्ट ने कैग रिपोर्ट में देरी पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

## कहा, जिस तरह से आपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे आपकी ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएजी रिपोर्ट पर विचार करने में देरी के लिए दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि जिस तरह से आपने अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे आपकी ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है।

कोर्ट ने आगे जोर देते हुए कहा कि आपको रिपोर्ट को तुरंत स्पीकर को भेजना चाहिए था और सदन में चर्चा शुरू करनी चाहिए थी।। कोर्ट ने मामले पर आज दोपहर 2:30 बजे सुनवाई तय की।

### दिल्ली विधानसभा ने हाईकोर्ट में रखा तर्क

दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया है कि फरवरी में विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। अब कैग की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा। सचिवालय ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 14 रिपोर्ट को विधानसभा में पेश किए जाने के मामले में सीएजी रिपोर्ट पेश करने के मुद्दे पर सात भाजपा विधायकों की याचिका के जवाब में कही है।




सचिवालय ने कहा कि संविधान के तहत सदन का संरक्षक होने के नाते विधानसभा की बैठक बुलाने का स्पीकर का विवेकाधिकार उसके आंतरिक कामकाज का हिस्सा है। यह किसी भी न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। अब विधानमंडल की उत्तराधिकारी लोक लेखा समिति (पीएसी) कानूनी ढांचे के अनुसार रिपोर्टों की जांच कर सकती है, जिसका चुनाव आगामी चुनावों के बाद अगली विधानसभा करेगी। वहीं दूसरी ओर हालही में उपराज्यपाल ने अपने जवाब में कहा था कि हाईकोर्ट को स्पीकर से तुरंत रिपोर्ट सदन के समक्ष पेश करने का निर्देश देने का अधिकार है। उन्होंने ऑडिट रिपोर्ट पेश करने में असाधारण देरी की ओर इशारा किया।

कहा कि दिल्ली के लोग विधानसभा में अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सीएजी रिपोर्ट तक पहुंच पाने के हकदार हैं। इसलिए कोर्ट मुख्यमंत्री और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत एक-दूसरे से परामर्श करने और सदन को फिर से बुलाने के निर्देश जारी करें। विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल कुमार बाजपेयी और जितेंद्र महाजन ने गत वर्ष याचिका दाखिल कर कहा था कि एक मामले में पारित आदेश के बावजूद स्पीकर को आगे की कार्रवाई के लिए सीएजी की रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है।

### भाजपा ने दिल्ली सरकार को घेरा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा ने कहा कि मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिल्ली उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है कि दिल्ली सरकार द्वारा कैग रिपोर्ट को सदन में रखने में आनाकानी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यह और भी स्पष्ट हो गया है कि स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है, केवल विकास कार्यों, पर्यावरण और जलभराव वाली सड़कों के मामले में ही नहीं, बल्कि संवैधानिक मामलों में भी। लगभग एक दर्जन कैग रिपोर्ट हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में नहीं रखा है।11 जनवरी 2025 को, दिल्ली विधानसभा सचिव ने कहा कि रिपोर्ट को सदन में रखने का कोई फायदा नहीं है। हमारे 7 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पूछा था कि कैग रिपोर्ट को विधानसभा में क्यों नहीं रखा जा रहा है। उनका (आप) अराजकतावादी चरित्र अब संवैधानिक संस्था और संवैधानिक प्रक्रियाओं में व्याप्त हो रहा है, जो सरकार के समुचित कामकाज के लिए बहुत जरूरी है।

# प्रतिष्ठा द्वादशी पर पौष पूर्णिमा का संयोग...

## रामनगरी में छलका उल्लास, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु




**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में पौष पूर्णिमा के साथ-साथ सोमवार को रामनगरी में प्रतिष्ठा द्वादशी का भी उल्लास छलकता नजर आया। सुबह से लेकर शाम तक अयोध्या भक्तों से गुलजार रही। सुबह श्रद्धालुओं ने सरयू में डुबकी लगाई इसके बाद मंदिरों में दर्शन-पूजन किया।

दोपहर होते-होते श्रद्धालुओं का कारवां अंगद टीला परिसर की ओर बढ़ गया। यहां दोपहर तीन बजे से रामकथा प्रवचन व शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। प्रवचन सत्र में रामकथा की रसधार प्रवाहित हुई तो सांस्कृतिक संध्या में भजनों की प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय कर दिया।

रामलला के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। रामलला के प्रवेश द्वार पर फोटो व सेल्फी लेने की होड़ रही। वहीं प्रतिष्ठा द्वादशी के क्रम में ही राममंदिर में सुबह ही अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया था जिसका पूणाहुति देर शाम हवन-यज्ञ के साथ हुई।

# 'हर-हर महादेव, जय श्री राम...' जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी




### प्रथम स्नान पर 1.50 करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी, श्रद्धालुओं पर की गई पुष्पवर्षा



**प्रयागराज।** भव्य महाकुंभ 2025 आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक एकता के जबरदस्त प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ है। जिसने आज 144 वर्षों में एक बार देखी गई आध्यात्मिक भव्यता की याद ताजा कर दी। यहां देश और दुनिया भर से भक्तों का एक समूह न केवल जप, ध्यान और आध्यात्मिक तृप्ति के लिए एकत्र हुआ, बल्कि महाकुंभ की बेजोड़ सांस्कृतिक विरासत का अनुभव करने के लिए भी एकत्र हुआ।

**स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ :** पवित्र नगरी प्रयागराज में संगम नोज समेत स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ है। कई भक्तों को दिव्य वातावरण से अभिभूत, नम आंखों के साथ देखा गया। वहीं कई लोग प्रार्थना, अनुष्ठान और एकता की भावना में डूबे रहे। दो दिन पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया था, जो दशार्ता है कि 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए भीड़ के अनुमान को पार कर सकता है।

**लगे हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे :** संगम नोज समेत सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए। बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए।

महाकुंभ की भव्यता ने न केवल भारतीय श्रद्धालुओं, बल्कि दुनिया भर से आए पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। संगम घाट पर अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और आध्यात्मिक साधकों का तांता उत्सव में शामिल हुआ। दक्षिण कोरिया के कई यूट्यूबर इस दिव्य अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए, जबकि जापान के पर्यटकों ने स्थानीय गाइडों से इस आयोजन के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझने की कोशिश की।



### इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा होगा बड़ा

शुरूआती दिनों में भारी भीड़ से पता चलता है कि इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा बड़ा होगा। पौष पूर्णिमा पर, अपने गहन आध्यात्मिक अनुशासन के लिए जाने जाने वाले कल्पवासियों ने 'मोक्षदायिनी' संगम में पवित्र डुबकी लगाई और 45 दिनों तक चलने वाले अपने आध्यात्मिक एकांतवास की शुरूआत की।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का लगा खुले में जनसुनवाई दरबार

## खिली धूप में बैठे पार्क में और किया फरियादियों की समस्याओं का समाधान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह हमेशा कुछ नया करते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि उनका ये अंदाज कर्मचारियों से लेकर जनता को पसंद आता है। जब पोलिंग पार्टियां रवाना हो रहीं थी तो जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह मैदान में पहुंचे। पोलिंग कर्मियों से बात की। उन्हें मोटीवेट किया और जिला निर्वाचन अधिकारी का ये दोस्ताना अंदाज सबको पसंद आया।

सब और अधिक उत्साह से काम करने के लिए रवाना हुए। वहीं जब वो एक कार्यक्रम में गये थे तो उन्होंने खुद कैमरा लेकर फोटोग्राफी की। जनता से जब वो संवाद करते हैं तो उन्हीं के अंदाज में बात करते हैं और समस्या लेकर आये व्यक्ति को यह यकीन हो जाता है कि डीएम साहब उसके दर्द को समझ रहे हैं और समाधान होगा और ऐसा होता भी है। एक बार फिर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एक नए अंदाज में नजर आये। जब वो खिली धूप में जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए बैठे। उन्होंने कलैक्ट्रेट प्रांगण में अपनी कुर्सी लगवाई। जनता के लिए कुर्सियां लगाईं गई और फिर खिली धूप के बीच मैदान में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कलैक्ट्रेट प्रांगण में जनसुनवाई की। ये एक ऐसा अंदाज था जब बंद कमरो से बाहर निकल कर खुले में जन सुनवाई हो रही थी। सभी लोग मौजूद थे अधिकारी मौजूद थे। सबसे बड़ी बात ये थी कि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी शिकायतों को ध्यान से सुना। आवेदनों पर गंभीरता से विचार किया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण हेतु भेजा भी गया। कलैक्ट्रेट में जब खिली धूप में डीएम इन्द्र विक्रम सिंह सुनवाई कर रहे थे तो यहां उनके सामने स्वच्छता सुरक्षा, विकास कार्यों के अलावा पारिवारिक क्लेश, भूमि विवाद सहित अन्य मामले आये। सभी मामलों को ध्यानपूर्वक सुना गया और फिर उस पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी का खिली धूप में सुनवाई का ये अंदाज फरियादियों को भी पसंद आया। सोमवार को जब ये जन सुनवाई दरबार लगा तो यहां एडीएम-ई रणविजय सिंह, एडीएम-एलए विवेकमिश्र, एडीएम एफआर सौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# नगर निगम पार्षद शीतल चौधरी ने जब दी लावारिस युवक के शव को मुखाग्नि

## पेश की मानवता की मिसाल और दिया एक बड़ा संदेश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम पार्षद शीतल चौधरी सदन में अपने फायर अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वो विकास के मुद्दे उठाती हैं। वो कई मौकों पर सिस्टम को लेकर भी फ्रंट फुट पर खेलती हैं और एक मौका ऐसा आया जब किसी लावारिस के दाह संस्कार का मामला था तो भाजपा की निगम पार्षद शीतल चौधरी उसकी वारिस बनीं और उन्होंने आगे आकर इस लावारिस शव का दाह संस्कार किया। उन्होंने खुद लावारिस शव को मुखाग्नि दी। मामला सोमवार का है।

बताया जाता है कि सोमवार को नगर निगम पार्षद शीतल चौधरी को यह पता चला कि पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है और इस युवक की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। यह युवक मेट्रो स्टेशन के आस पास घूमता था और उसकी मौत हो गई। इस युवक के अंतिम संस्कार के लिए कोई भी नहीं था। वार्ड 9 की पार्षद शीतल चौधरी को यह बात पता चली तो वो हिंडन घाट पहुंची और उन्होंने अज्ञात शव का अंतिम संस्कार करने में मदद की।

वो खुद इस शव की वारिस बनीं और उन्होंने चिता को मुखाग्नि दी। शव का पूरी विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कराया। पार्षद शीतल चौधरी के इस जज्बे को देख कर हर कोई हैरान रहा गया। किसी लावारिस शव के लिए कोई इस तरह सामने नहीं आता लेकिन पार्षद शीतल चौधरी ने यहां निर्भिकता के साथ और मानवीय जज्बे के साथ काम करते हुए लावारिस शव का अंतिम संस्कार किया। क्षेत्र के लोगों ने पार्षद शीतल चौधरी की भरपूर तारीफ की।

# क्षत्रिय समाज से महानगर अध्यक्ष उठाये जाने की उठी मांग

## पूर्व विधायक के पुत्र ने रख दिये ठाकुर समाज के कई नाम



### सरदार सिंह भाटी से लेकर चमन चौहान सहित कई नामों का किया है जिक्र

**करंट क्राइम।** राजपूत समाज में काफी लंबे समय से कई कार्यकर्ता मजबूती से पार्टी की सेवा में लगे हुए हैं जो महानगर अध्यक्ष बनने की क्षमता रखते हैं और पिछले लगभग 20-20 सालों से संगठन में अन्य पदों पर रहकर काम कर रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से तेजपाल सिंह राणा पूर्व पार्षद, चमन सिंह चौहान महानगर उपाध्यक्ष, गौरव सोलंकी पार्षद, विजेंद्र सिंह चौहान पूर्व पार्षद, सरदार सिंह भाटी पूर्व डिप्टी मेयर, रनीता सिंह महानगर उपाध्यक्ष, एसपी सिंह पूर्व पार्षद, मदन राय पूर्व मण्डल अध्यक्ष, सी पी सिंह नंदग्राम, अमित प्रताप सिंह महानगर सयोंजक, मनोज राघव कड़कड़, राकेश चौहान प्रताप विहार, प्रदीप जादौन, शिखा सिंह चौहान, ऋचा भदौरिया, अर्चना सिंह पूर्व पार्षद जैसे सैंकड़ो कार्यकर्त्ता भारतीय जनता पार्टी की सेवा मे लगे हुए है।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव में टिकट बदले जाने के बाद से ही ठाकुर समाज इसे अपनी अनदेखी मान रहा है और इस समाज के लोगों का यह कहना है कि उन्हें राजनीति में भागीदारी नहीं दी जा रही है। ठाकुर समाज ने एक तिरंगा रैली भी निकाली थी और फिर उन्होंने एक प्रेस कान्फ्रेंस भी की थी। दैनिक करंट क्राइम ने भी इस मामले को उठाया था और बताया था कि ठाकुर समाज क्यों राजनीतिक रूप से हाशिये पर जा रहा है। इसके बाद जब महानगर अध्यक्ष की बात भाजपा में आई तो यहां ठाकुर समाज का कोई चेहरा पैनल वाले नामों में नहीं बताया जाता है। हालांकि बताया जाता है कि एक ठाकुर नाम कैबिनेट मंत्री के खेमे से आया है और एक ठाकुर नाम शहर विधायक के खेमे से आया है लेकिन ये नाम कितना परवान चढा है इसे लेकर खामोशी है। बहरहाल अब पूर्व विधायक स्वर्गीय नरेन्द्र शिशौदिया के पुत्र भानू सिसौदिया ने क्षत्रिय समाज का मामला उठाया है। उन्होंने ये मांग की है कि भाजपा का महानगर अध्यक्ष क्षत्रिय समाज से होना चाहिए। यहां उन्होंने ये तर्क दिया है कि क्षत्रिय समाज का शत प्रतिशत वोट भाजपा को जाता है और क्षत्रिय समाज अध्यक्ष बनाने की मांग पुरजोर तरीके से कर रहा है। भानू सिसौदिया ने अपने पत्र में ठाकुर समाज की प्रेस कान्फ्रेंस का भी जिक्र किया और उन्होंने कहा कि 19 मंडलों की घोषणा हुई और केवल तीन मंडल अध्यक्ष राजपूत समाज से बनाये गये। उन्होंने ये भी कहा कि वर्तमान समय में पूरे गाजियाबाद जिले में एक भी जनप्रतिनिधि या कोई भी मजबूत महामंत्री राजपूत समाज से नहीं है। अपने पत्र में भानू सिसौदिया ने ठाकुर समाज के नाम गिनाये हैं और यह भी कहा है कि एकमात्र राजपूत प्रत्याशी पवन खेडा का नाम उम्र का हवाला देकर जमा नहीं किया गया। भानू सिसौदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मांग है कि गाजियाबाद महानगर में अबकी बार क्षत्रिय समाज से महानगर अध्यक्ष चुना जाए। गाजियाबाद महानगर में साहिबाबाद, गाजियाबाद और मुरादनगर तीन विधानसभा आती हैं और तीनों विधानसभा में ही क्षत्रिय समाज की बहुत बड़ी संख्या में वोट हैं और यह सभी वोट शत प्रतिशत भारतीय जनता पार्टी को ही जाती हैं। संख्या के आधार पर इस बार गाजियाबाद महानगर में क्षत्रिय समाज से किसी योग्य कर्मठ और लग्नशील कार्यकर्त्ता को अध्यक्ष बनाने की मांग पुरजोर तरीके से उठ रही है। इस मांग को लेकर पिछले कुछ समय पूर्व एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया था जिसमें गाजियाबाद लोकसभा से जनरल वीके सिंह का टिकट काटे जाने के बाद पहले गाजियाबाद विधानसभा और फिर अब गाजियाबाद महानगर में किसी भी योग्य क्षत्रिय को महानगर अध्यक्ष बनाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई जा रही है। जब से गाजियाबाद महानगर बना है तब से किसी राजपूत को यहां के महानगर के अध्यक्ष की कमान नहीं सौंप गई है और अब 19 मंडलों की घोषणा हुई जिसमें मात्र तीन मंडल अध्यक्ष राजपूत समाज से बनाए गए। जबकि 20 मंडलों में से कम से कम पांच मंडल अध्यक्ष राजपूत समाज से होने चाहिए। वर्तमान समय मे पूरे गाजियाबाद जिले में कोई भी जनप्रतिनिधि या कोई भी मजबूत (महामंत्री ) पदाधिकारी राजपूत समाज से नहीं है। आज के समय में गाजियाबाद की राजनीति राजपूत विहीन हो चुकी है। गाजियाबाद जिले की दो विधानसभा मोदीनगर एवं लोनी में 10 मंडलों की घोषणा हुई जिसमें एकमात्र मंडल अध्यक्ष राजपूत समाज से बना है जबकि गाजियाबाद जिले में कम से कम तीन मंडल अध्यक्ष राजपूत समाज से होने चाहिए थे। गाजियाबाद जिले के जिला अध्यक्ष नॉमिनेशन प्रक्रिया में एकमात्र राजपूत प्रत्याशी पवन सोम खेड़ा का फॉर्म यह कहकर की आपकी उम्र 42 वर्ष है जमा नहीं कराया गया। जबकि गाजियाबाद महानगर और गौतमबुद्ध नगर में 37 वर्ष के प्रत्याशियों का भी फॉर्म जमा कराया गये है।

# नगर निगम बोर्ड की बैठक न होने से नाराज वार्ड पार्षदों ने कहा

# कैसे हों विकास कार्य, किसको सुनाएं मन की बात

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में छह महीने से बोर्ड की बैठक नहीं हुई है। इस से पार्षदों में रोष है, छह माह से बैठक नहीं होने के कारण अब तक वार्षिक बजट भी पास नहीं हो पाया है। पार्षदों ने कहा कि छह महीने से बैठक नहीं होना चिंता की बात है। वार्षिक बजट पास नहीं होने से वार्डों का विकास रुक गया है। मुख्य पार्षद से कई बार आग्रह करने के बाद भी बैठक नहीं बुलायी गयी है। छह महीने से नगर निगम मनमाने ढंग से चल रहा है। बिना बैठक के अवैध रूप से काम किये जा रहे हैं। बोर्ड के प्रस्ताव के बिना ही कई योजनाएं चल रही हैं। मनमाने ढंग से राशि की निकासी की जा रही है। साफ-सफाई की व्यवस्था, जनहित की योजनाएं, नागरिक सुविधाओं के लिए चल रहा काम प्रभावित हो रहा है।




### बोर्ड बैठक न होने से रुके हुए हैं विकास कार्य : सचिन डागर



**करंट क्राइम।** पार्षद सचिन डागर ने बताया कई महीनों से बोर्ड बैठक नहीं हुई है, जिसके कारण वार्ड का विकास कार्य बाधित है। उन्होंने कहा कि हर तीन माह में बोर्ड बैठक होनी चाहिए। जिससे पार्षद अपनी वार्ड की समस्या को सदन में रख सके। जिस प्रकार अधिकारी जवाब देही होता है, इसी प्रकार पार्षद भी जनता के साथ जवाब दे ही होता है। पार्षद का जनता से जुड़ाव होता है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी तो सुनते ही नहीं है। इसी को लेकर उन्होंने कहा बोर्ड बैठक में पार्षद अपने वार्ड की समस्या रखता है, जिससे अधिकारियों पर दबाव बना रहता है।

### लंबे समय से रुके हुए हैं वार्ड के काम : हिमांशु शर्मा



**करंट क्राइम।** पार्षद हिमांशु शर्मा का कहना है कि बोर्ड बैठक समय से होनी चाहिए, जिससे पार्षद अपने वार्ड के विकास के कार्य समय से कर सके। पार्षद का कहना है लोगों हम सब विकास कार्य की उमीद रखते हैं। लेकिन उन की बात बोर्ड बैठक में रखने का मौका नहीं मिल रहा है। 6 माह से अधिक हो गए लेकिन बोर्ड बैठक नहीं हुई। जितनी जल्दी बोर्ड बैठक होगी उतने ही जल्दी पार्षद अपने क्षेत्र की समस्या बोर्ड बैठक में रख सकता है। जब बोर्ड बैठक में समस्या रखेगा तो वार्ड के विकास भी होंगे और अधिकारी लोगों की समस्या सुनेंगे उन्होंने बताया कि जल्द ही हो बोर्ड बैठक जिससे तेज हो वार्ड के विकास कार्य।

### बोर्ड बैठक में अपनी बात रखने का मौका मिलता है : शिल्पा चौधरी



**करंट क्राइम।** पार्षद शिल्पा चौधरी ने बताया कि समय से बोर्ड बैठक होती रहे, तो पार्षद को अपनी बात रखने का मौका मिलता है। नगर निगम की अच्छी और बुरी बातें भी सामने आती हैं, कई काम नगर निगम अच्छे काम भी करता है। लेकिन कई इस तरह के काम भी होते हैं जो अधिकारी सुनते नहीं है, बोर्ड बैठक में उन समस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर बोर्ड बैठक होती रहनी चाहिए। लेकिन इस बार तो 6 माह से अधिक हो गए एक भी बोर्ड बैठक नहीं हुई। जिससे वार्ड के विकास के कार्य बाधित हो रहे हैं।

### हर दो माह में हो बैठक, प्रत्येक पार्षद को मिले बोलने का मौका : श्रीभगवान अग्रवाल



**करंट क्राइम।** पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम के बोर्ड बैठक 6 माह से अधिक हो गए जो अभी नहीं हुई है जिस वार्ड के विकास कार्य बाधित हो रहे हैं उनका कहना है कि हर दो माह में एक बैठक होनी चाहिए जिससे पार्षद अपने वार्ड की समस्या सदन में उठा सके इसी को लेकर उन्होंने कहा कि बैठक एक या दो या तीन दिन चले लेकिन प्रत्येक पार्षद को बोलने का मौका मिलना चाहिए बोर्ड बैठक में कुछ ही पार्षद अपनी बात रख पाते हैं हर पार्षद को नहीं मिलता मौका उन्होंने कहा कि महापौर में नगर आयुक्त को मिलकर जल्द ही वोट बैठक की तारीख निश्चित करनी चाहिए।

### ठप पड़े हैं वार्ड के विकास कार्य, पार्षद कोटे से अलग नहीं लगी चवन्नी : मदन राय



**करंट क्राइम।** पार्षद मदन राय का कहना है कि बोर्ड बैठक न होने से वार्ड के विकास कार्य ठप पड़े हैं, जो नगर निगम ने पार्षद कोटे से एक करोड़ के काम दिए थे, लेकिन अभी 50 लाख के ही काम हुए हैं। उनका कहना है कि मेरे वार्ड में पार्षद कोटे से अलग एक भी चवन्नी किसी की नहीं लगी है। बोर्ड बैठक होती रहे तो वार्ड की समस्या भी बोर्ड बैठक में रखे अधिकारी उन समस्याओं पर काम कर सकता है। लेकिन बोर्ड बैठक न होने से जनता के साथ और पार्षद के साथ धोखा हो रहा है। समय से बोर्ड बैठक होनी चाहिए जिससे क्षेत्र की समस्या भी दूर होगी।

### बैठक न होने से शहर के विकास के साथ खिलवाड़ कर रही नगर निगम : संजय सिंह



**करंट क्राइम।** पार्षद सांसद सिंह का कहना है कि संवैधानिक रूप से एक माह में एक बोर्ड बैठक होनी चाहिए लेकिन नगर निगम एक्ट का दुरुपयोग हो रहा है। नगर निगम एक्ट में भी बोर्ड बैठक एक माह में एक बार हो जानी चाहिए। लेकिन नगर निगम के अधिकारी अपनी मन मुताबिक बोर्ड बैठक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक न होने से शहर के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जिससे विकास कार्य बंद पड़े हैं, उन्होंने बताया कि 6 माह से अधिक हो गए लेकिन बोर्ड बैठक की अभी तक कोई तारीख नहीं दी गई है। और लगता है कि नगर निगम नहीं चाहता कि पार्षद सदन में अपनी बात रखें उनका कहना है कि समय से बोर्ड बैठक हो तो पार्षद अपने क्षेत्र की समस्या रख सकता है ।

### जल्द होनी चाहिए बोर्ड बैठक : कविता भाटी



**करंट क्राइम।** पार्षद कविता भाटी का कहना है कि बोर्ड बैठक समय पर होनी चाहिए, बोर्ड बैठक में ही पार्षद अपने क्षेत्र की समस्या रखता है। उसी के अनुसार वार्ड में विकास कार्य भी होते हैं, कई माह से बोर्ड बैठक न होने से पार्षद अपने क्षेत्र की समस्या का समाधान नहीं कर पाता है। उन्होंने बताया कि कभी उपचुनाव चुनाव तो कभी संगठन का चुनाव जिस कारण बोर्ड बैठक में देरी हो रही है। नगर निगम को चाहिए कि जल्दी ही बोर्ड बैठक बुलाई और सभी पार्षद वार्डों के विकास कार्यों पर गति दी जाए।

### जल्दी हो बोर्ड बैठक, हम भी सदन में रखें मन की बात : भूपेंद्र उपाध्याय



**करंट क्राइम।** पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय का कहना है कि बोर्ड बैठक न होने से वार्ड का विकास कार्य रुका हुआ है। जनता को आश्वासन देने के बाद भी उन्हें पूरा काम नहीं कर पा रहे हैं। बोर्ड बैठक समय से होती रहे तो पार्षद अपने मन की बात सदन में रख सकता है। और उसे समस्या का समाधान भी हो सकता है, नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारियों की भी समीक्षा बोर्ड बैठक में होती है। लेकिन बोर्ड बैठक न होने से न ही अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा हो रही है। जिससे पार्षद सदन में अपने मन की बात रख सके ओर वार्ड के विकास पर चर्चा हो।

## संपादकीय

# अमेरिका के प्रतिबंधों का भारत पर असर?

अमेरिका में जो बाइडन के नेतृत्व वाले प्रशासन ने जाते-जाते उठाए गए एक अहम कदम में रूसी ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंधों का दायरा बढ़ा दिया है। गत सप्ताह घोषित ये उपाय मौजूदा प्रतिबंधों में इजाफा करने वाले हैं और बहुत संभव है कि ये पहले ही दबाव से जूझ रहे ऊर्जा क्षेत्र में और अधिक अस्थिरता लाने वाले साबित हों। इनमें से कुछ कदम जहां यूरोपीय देशों तथा यूरोपीय संघ के द्वारा पहले ही उठाए जा चुके हैं, वहीं वैश्विक निजी क्षेत्र इन अमेरिकी कदमों को लेकर यूरोप के कदमों की तुलना में कहीं अधिक सावधानी से प्रतिक्रिया देगा।

नए आक्रामक प्रतिबंध कई क्षेत्रों में विस्तारित हैं। दो बड़े उत्पादकों और निर्यातकों को प्रतिबंधों के दायरे में लाया गया है: सरगुटनेफ्ट गैस और गैजप्रोम नेफ्ट। इन दोनों कंपनियों ने गत वर्ष मिलकर जो लाखों बैरल तेल निर्यात किया वह रूस के मौजूदा समुद्री निर्यात का एक तिहाई है। यह भारत समेत दुनिया के बाजार में वर्तमान तेल आपूर्ति का बहुत बड़ा हिस्सा है। इसके अलावा कुछ विशिष्ट तेल टैंकर पोतों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, जिनमें ऐसे पोत भी शामिल हैं जो आर्कटिक सागर के पार रूस के मरमांस्क जैसे क्षेत्रीय इलाकों तक तेल एवं गैस की आपूर्ति करते हैं। मध्यम अवधि में इन प्रतिबंधों का क्या असर होगा यह अभी स्पष्ट नहीं है। यकीनन, इससे लागत बढ़ेगी क्योंकि कई अलग-अलग तरह से आपूर्ति की जरूरत होगी।

अमेरिका के तरकश में एक और तीर है- रूस में समुद्री बीमा प्रदाताओं पर प्रतिबंध, खासतौर पर इन्गोस्ट्राख इंश्योरेंस कंपनी और अल्फास्ट्राखोवनी समूह पर प्रतिबंध। इनमें से पहली कंपनी खासतौर पर भारत आने वाले कार्गो का बीमा करती है और उसे बाजार से हटाने का अर्थ होगा भारत आने वाले शिपमेंट में ज्यादा देरी होना। भारत को इन नए प्रतिबंधों के असर से बचने के लिए उपयुक्त प्रतिक्रिया देनी होगी जो ज्यादा उथल पुथल लाने वाली न हो।

यह तत्काल करने की जरूरत है ताकि रूसी तेल लाने वाले शैडो फ्लीट (चोरी से प्रतिबंधित सामग्री ले जाने वाले पोत) को सुरक्षा पहले ही एक समस्या बन चुकी है। कुछ खास पोतों के विरुद्ध प्रतिबंध उनकी मरम्मत को मुश्किल बनाता है। उनके दुर्घटना के शिकार होने की आशंका बढ़ जाती है। और बीमा न होने के कारण दुर्घटना के बाद भारी नुकसान होता है। इसका समूची पारिस्थितिकी पर बुरा असर होता है। इस समय काला सागर में दो क्षतिग्रस्त रूसी तेल टैंकरों से तेल लीक होने की आशंका हैं। इस सप्ताहांत जर्मनी को एक परित्यक्त टैंकर से निपटना होगा जो बाल्टिक सागर में शैडो फ्लीट का हिस्सा था। एक हद तक ये अतिरिक्त उपाय अनुमानित थे हालांकि उनकी आक्रामकता जरूर चौंकाने वाली थी। चीन के साथ-साथ भारत की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता के कारण हाल के दिनों में खाड़ी और अटलांटिक क्षेत्र से आने वाले तेल पर निर्भरता बढ़ी है। भारत के सरकारी तेलशोधक कारखानों के बारे में खबर है कि फरवरी में 60 लाख बैरल कच्चे तेल के अनुबंध किए हैं।

# वर्ष 2025-26 के लिए 31 जुलाई है आईटीआर भरने की आखिरी तारीख




**नई दिल्ली।** आयकर कानून में कई ऐसी धाराएं हैं, जिनका मकसद कालेधन पर नकेल कसना है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन नियमों के उल्लंघन पर नकदी लेनदेन के मूल्य का 100 फीसदी तक जुर्माना लग सकता है। ऐसे में अगर आप भी आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करते हैं, तो जुर्माने से बचने के लिए ऐसे नकदी लेनदेन से दूर रहें। बैंक व म्यूचुअल फंड सहित लोकप्रिय निवेश प्लेटफॉर्म के बाद आयकर विभाग भी नकदी लेनदेन को हतोत्साहित करने की पूरी तैयारी में है। इसके लिए आयकर विभाग ने हाल ही में एक ब्रोशर जारी किया है, जिसमें जुर्माने से बचने के लिए 'नकद लेनदेन को ना कहने' का सुझाव दिया गया है। आयकर कानून में कई ऐसी धाराएं हैं, जिनका मकसद कालेधन पर नकेल कसना है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन नियमों के उल्लंघन पर नकदी लेनदेन के मूल्य का 100 फीसदी तक जुर्माना लग सकता है। ऐसे में अगर आप भी आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करते हैं, तो जुर्माने से बचने के लिए ऐसे नकदी लेनदेन से दूर रहें। आकलन वर्ष 2025-26 के लिए रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई, 2025 है। व्यावसायिक खर्च: आयकर कानून की धारा-40ए(3) के तहत व्यावसायिक खर्च के लिए 10,000 रुपये से अधिक के नकद भुगतान पर रोक है। ट्रांसपोर्टरों के लिए यह सीमा 35,000 रुपये है।

### दो लाख रुपये से अधिक नकद प्राप्त करना

कोई भी व्यक्ति एक दिन में दो लाख रुपये से अधिक नकदी स्वीकार नहीं कर सकता। अन्यथा आयकर कानून की धारा-269एसटी के तहत प्राप्त राशि के बराबर जुमार्ना लग सकता है। ध्यान रखने वाली बात है कि इस प्रावधान के तहत दो लाख रुपये से अधिक भुगतान करने वाले व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं होगी।

### क्या है 269एसटी

इस कानून के तहत किसी भी व्यक्ति को एक दिन में किसी व्यक्ति से दो लाख रुपये या उससे अधिक की राशि नकद में प्राप्त करने पर प्रतिबंध है। चाहे वह एकल लेनदेन के लिए हो या किसी एक घटना या अवसर से जुड़े एक से अधिक लेनदेन के लिए हो।

### कर्ज, जमा व एडवांस

आयकर कानून की धारा-269एसएस के तहत कर्ज, जमा, एडवांस (अग्रिम) या स्पेशिफाइड राशि के लिए 20,000 रुपये से अधिक का नकद लेनदेन प्रतिबंधित है। ऐसा करने पर नकद लेनदेन के बराबर जुमार्ना लगाया जा सकता है।

### जमा और कर्ज का पुनर्भुगतान

आयकर कानून की धारा-269टी के तहत 20,000 रुपये से अधिक के जमा और कर्ज के पुनर्भुगतान की अनुमति नहीं है।

# बड़े टिकट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में सरकार के पूंजीगत व्यय से भारत की आर्थिक वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** फाइनेंशियल सर्विस फर्म प्रभुदास लीलाधर (पीएल) की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, बिग टिकट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट जैसे हाईवे, रेलवे और बिजली विकास में केंद्र के पूंजिगत व्यय और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश से वित्त वर्ष 2025-2026 और उसके बाद भारत के अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हम पहले से ही रेलवे, रक्षा, बिजली, डेटा सेंटर के विकास में तेजी देख रहे हैं, जिसके क्रियान्वयन से वित्त वर्ष 2026 और उसके बाद विकास में तेजी आएगी। सरकार ने 2024-25 के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के लिए 11.1 लाख करोड़ रुपये का बड़ा आवंटन किया और 2025-26 के आगामी बजट में इसमें और वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगामी बजट आर्थिक सुधार को आकार देने में सहायक होगा, जिसमें मुद्रास्फीति में कमी के साथ मध्यम वर्ग के खर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास-संचालित फोकस की उम्मीद है। इसके अलावा, रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और वित्तीयकरण जैसे क्षेत्र सुधार से लाभान्वित होने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इकोनॉमिक रिवाइवल के लिए औद्योगिक विकास में उछाल सकारात्मक है, जो 6 महीने के उच्च स्तर को छू गया। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अक्टूबर महीने में 3.5 प्रतिशत की तुलना में नवंबर में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि नवंबर 2023 में एक साल पहले दर्ज की गई 2.5 प्रतिशत की औद्योगिक वृद्धि से भी शानदार वृद्धि दशार्ती है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में तीन-चौथाई से अधिक योगदान देने वाले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर अक्टूबर में 4.1 प्रतिशत से बढ़कर नवंबर 2024 में 5.8



प्रतिशत हो गई। यह रोजगार सृजन के लिए एक अच्छा संकेत है क्योंकि यह सेक्टर देश के इंजीनियरिंग संस्थानों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले युवा स्नातकों को क्वालिटी जॉब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, आंकड़े बताते हैं कि पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन में 9 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई। यह सेगमेंट अर्थव्यवस्था में हो रहे वास्तविक निवेश को दशार्ता है जिसका भविष्य में रोजगार और आय के सृजन पर प्रभाव पड़ता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- ऐतिहासिक रूप से, दूध को चाय में जोड़ा जाता है और यह धन का चिन्ह था जब किसी ने बाद में दूध को चाय में जोड़ा, कम गुणवत्ता वाले चीनी मिट्टी के बरतन में चाय डालना कप को तोड़ देगा!
- मसालेदार भोजन खाने के बाद दूध मुंह को ठंडा करने के लिए बेहतर होता है।(दूध के उत्पादों में कैसिइन होता है, एक प्रोटीन जो स्वाद की कोंपल को जलाने से साफ करता है।)
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि जारी, बजट और ट्रंप 2.0 बाजार में वापसी के लिए अहम

**नई दिल्ली।** खाद्य मुद्रास्फीति के चरम पर पहुंचने और सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी लाने की कोशिशों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। आगामी केंद्रीय बजट तथा डोनाल्ड ट्रंप 2.0 बाजार में वापसी के लिए अहम हैं। ग्रामीण मांग में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। पीएल कैपिटल ग्रुप प्रभुदास लीलाधर की रिपोर्ट के अनुसार, त्योहार और शादी के सीजन ने यात्रा, आभूषण, घड़ियां, क्विक सर्विस रेस्टोरेंट, जूते, परिधान और ड्यूरेबल की मांग को बढ़ावा दिया है। संस्थागत अनुसंधान के निदेशक अमनीश अग्रवाल ने कहा, हम रेलवे, रक्षा, बिजली, डेटा सेंटर आदि में ऑर्डर की गति में पहले से ही तेजी देख रहे हैं, जिसके क्रियान्वयन से वित्त वर्ष 2026 और उसके बाद विकास में तेजी आएगी। उन्होंने कहा, हमें अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और मध्यम वर्ग को खर्च बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास के साथ ग्रोथ-ऑरिएंटेड बजट की उम्मीद है।

रिटेल सेक्टर बड़े बदलाव के कगार पर है, क्योंकि क्विक कॉमर्स न केवल किराना बल्कि दूसरे सेगमेंट की गतिशीलता को भी बदल रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है, हमारा मानना है कि विवेकाधीन सेगमेंट और फूड सर्विस में क्विक कॉमर्स का विस्तार संबंधित क्षेत्रों में निकट भविष्य में व्यवधान पैदा कर सकता है और लाभप्रदता को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, स्टील इंडस्ट्री का भाग्य आयात शुल्क और वैश्विक कीमतों के रुझान पर निर्भर करता है। आने वाली तिमाहियों में पूंजीगत वस्तुओं और रक्षा में बेहतर ऑर्डरिंग एक्टिविटी देखने को मिलेगी।




रिपोर्ट में कहा गया है, वित्त वर्ष 2025 में लक्ष्य व्यय में संभावित चूक को देखते हुए पूंजीगत व्यय की स्थिरता के लिए बजट महत्वपूर्ण होगा। हालांकि, रक्षा, बिजली, डेटा सेंटर, रेलवे और एनर्जी ट्रांजिशन एक मजबूत विषय बने हुए हैं। जैसे-जैसे हम 2025 में प्रवेश कर रहे हैं, कृषि क्षेत्र में रबी की अच्छी फसल होने की संभावना है और सामान्य मौसम पैटर्न से वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति को 4.3-4.7 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिलेगी।

# चार महीने के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली।** भारत में दिसंबर 2024 में खुदरा महंगाई घटकर 5.22 फीसदी रही, जो नवंबर में 5.5 फीसदी थी। यह जानकारी सरकारी आंकड़ों में सामने आई है। देश में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई। यह दर नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण आई है। सरकार ने सोमवार को इसको लेकर आंकड़े जारी किए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के तहत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही। जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) और खाद्य महंगाई दोनों पिछले चार महीनों के सबसे निचले स्तर पर थे।

# भारी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार निवेशकों का लाखों करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली।** सोमवार को शेयर बाजार 1000 अंकों से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले कई दिनों से चली आ रही गिरावट के चलते निवेशकों का कई लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार अंत तक नहीं संभल सका। सोमवार को शेयर बाजार 1000 अंकों से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले कई दिनों से चली आ रही गिरावट के चलते निवेशकों का कई लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। सोमवार को शेयर बाजार 1048.90 अंक गिरकर 76,330.01 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 345.55 अंक गिरकर 23,085.95 के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को तीस कंपनियों वाले बीएसई में 26 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की भी 50 में से 46



कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान पर बंद हुए।

### रुपये में भारी गिरावट-

सोमवार को रुपया करीब दो साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट के साथ 86.62 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया में आज 58 पैसे की गिरावट देखने को मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 पर खुला और कारोबार के दौरान 1 पैसे की तेजी के साथ 86.11 पर बंद हुआ। अंत में यह 58 पैसे की भारी गिरावट के साथ 86.62 (अनंतिम) के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। 6 फरवरी, 2023 के बाद एक सत्र में यह सबसे बड़ी गिरावट थी, फरवरी में एक दिन में रुपये में 68 पैसे की गिरावट आई थी।

## राशिफल

**मेष:** शारीरिक कष्ट संभव है। अनहोनी की आशंका रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष:** परीक्षा, प्रतियोगिता व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें।

**मिथुन:** पुराना रोग उभर सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है। मान घटेगा।

**कर्क:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया लेनदारी वसूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**सिंह:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए कार्य मिल सकते हैं। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**कन्या:** दुष्टजनों से दूर बनाएं। धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ-दान इत्यादि में खर्च होगा। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**तुला:** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** शत्रु नतमस्तक होंगे। आराम का वक्त प्राप्त होगा। चैन की सांस ले पाएंगे। थकान व कमजोरी रह सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। अज्ञात भय रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मकर:** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता प्राप्त करेगा। अध्ययन संबंधी बाधा दूर होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**कुंभ:** पुराना रोग उभर सकता है। बेवजह विवाद की स्थिति निर्मित होगी। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। भागदौड़ अधिक होगी।

**मीन:** थोड़े प्रयास से काम बनेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

## चुटकुले

मंगू- मैंने एक चीज बनाई है जिससे तू दीवार के आर पार देख सकते हैं।
भीखू- वाह, ऐसी क्या चीज बनाई है?
मंगू- छेद।

---

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाडू लेकर सामने खड़ी थी...!
पति- कितना काम करेगी तू...? ला ये झाडू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!
ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!

---

मंदिर में सोनू - हे भगवान, मेरी नौकरी लगवा दो...?
भगवान- खाली हाथ आए हो, कुछ भगवान के लिए लाए नहीं,
सोनू - भगवान जी आप कर्म करो,
फल की चिंता मत करो...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : मिशेलसन ने सितसिपास को शुरूआती दौर में बाहर कर किया बड़ा उलटफेर

**मेलबर्न ।** एलेक्स मिशेलसन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने पूर्व फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 3-6, 6-2, 6-4 से हराकर टूनामेंट की पहली बड़ी जीत दर्ज की।

20 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने सटीक खेल दिखाते हुए अपने करियर की पहली टॉप-20 जीत हासिल की और ग्रैंड स्लैम के बड़े मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मिशेलसन ने आक्रामक और रचनात्मक खेल का प्रदर्शन किया, जिससे सितसिपास पूरे मैच के दौरान दबाव में रहे। उनके शानदार ग्राउंड स्ट्रोक और रिस्क लेने की रणनीति ने सितसिपास को उनकी पहली सर्व पर ही लय बनाने का मौका नहीं दिया। मिशेलसन के डाउन-द-लाइन बैकहैंड और फोरहैंड विनर्स ने उनको मुकाबले में बहुत आगे कर दिया। उन्होंने कुल 46 विनर्स मारे, जिसमें 8 ऐस शामिल थे।



मैच के बाद मिशेलसन ने कहा, मैंने खुद को शांत रखने की कोशिश की। मुझे पता था कि यह एक कठिन मुकाबला होगा, और मैं बहुत खुश हूं कि मैं जीत सका। यह सब मानसिकता पर निर्भर करता है। मैंने सही मानसिकता के साथ खेला और अपनी रणनीति को अच्छे से अमल में लाया।

हालांकि, चौथे सेट में खेल में थोड़ा ड्रामा देखने को मिला। 4-2 से आगे होने के बावजूद, मिशेलसन ने तीन लगातार डबल फॉल्ट किए, जिससे उनकी सर्विस टूट गई और सितसिपास ने सेट को 5-5 पर बराबर कर लिया। लेकिन सितसिपास ने भी एक अहम मौके पर डबल फॉल्ट किया, जिससे मिशेलसन को ब्रेक प्वाइंट मिला। मिशेलसन ने इस मौके का फायदा उठाते हुए सेट और मैच अपने नाम किया और दूसरे दौर में जगह बनाई।

इस जीत के साथ मिशेलसन एटीपी लाइव रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 41वें स्थान पर पहुंच गए। यह सितसिपास के खिलाफ उनकी दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने पिछले साल टोक्यो में भी सितसिपास को हराया था। लगातार बड़े खिलाड़ियों को हराने के उनके प्रदर्शन से उनकी क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## टीम इंडिया को 3-4 साल के लिए रोहित-कोहली की सख्त जरूरत : योगराज सिंह

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने रोहित शर्मा, विराट कोहली की फॉर्म, इंडियन प्रीमियर लीग और महिला क्रिकेट जैसे मुद्दों पर आईएएनएस से खास बातचीत की। योगराज सिंह भारतीय टीम के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज युवराज सिंह के



पिता भी हैं। योगराज सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ₹मेरे विचार में जब से आईपीएल आया है भारत में क्रिकेट में बहुत सुधार आया है। बहुत सारे क्रिकेटरों को मौका मिला, बहुत सारे क्रिकेटरों के करियर बने। सबसे अच्छी बात ये हुई कि क्रिकेटर्स के लिए पैसा बहुत आया है। कई क्रिकेटरों की जिंदगी बन गई है। पहले इतना पैसा होता नहीं था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नॉर्टजे और एनगिडी की दक्षिण अफ्रीका टीम में वापसी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी जोड़ी एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगीडी ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे टीम में वापसी की है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में है, जहां उनके साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें हैं।

नॉर्टजे और एनगिडी ने चोटों के कारण पूरे घरेलू सीजन में कोई मैच नहीं खेला था। नॉर्टजे अपने बाएं पैर की उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं, जबकि एनगिडी ग्रोइन की चोट से ठीक होकर मैदान पर लौटे हैं।

15 सदस्यीय टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा करेंगे। इस टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम का हिस्सा थे। टोनी डी जोरजी, रायन रिक्लटन, ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर को पहली बार किसी बड़े 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए चुना गया है।



टीम कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की भरमार है, जिन्होंने दबाव भरे मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अनुभव ऐसे बड़े टूर्नामेंट में बेहद अहम होता है। हमने अपनी विश्व कप टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और कुछ नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया है।

उन्होंने यह भी कहा, आईसीसी टूर्नामेंट्स में हमारे हाल के प्रदर्शन यह दिखाते हैं कि हम ग्लोबल टूर्नामेंट्स के अंतिम दौर तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं। इस बार हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतने का है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड (सीएसए) ने यह भी बताया कि इमरान खान, जो हाई-परफॉर्मेंस बैटिंग लीड हैं, इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी कोच के रूप में टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे। रॉब वॉल्टर ने कहा, हम इमरान का स्वागत करते हैं। उनका अनुभव हमारी बल्लेबाजी को और मजबूत करेगा और टीम को बेहतर बनाने में मदद करेगा। दक्षिण अफ्रीका अपना पहला मैच 21 फरवरी को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 25 फरवरी को रावलपिंडी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा और 1 मार्च को कराची में इंग्लैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच खेलेगा।

ग्रुप ए और बी से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। आठ टीमों का यह टूर्नामेंट पाकिस्तान और यूएई में खेला जाएगा। 2017 के बाद पहली बार यह ट्रॉफी हो रही है। पाकिस्तान वर्तमान चैंपियन है, जिसने 2017 के फाइनल में भारत को हराया था। सीएसए ने यह भी कहा कि 8 से 14 फरवरी तक पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम की घोषणा जल्द की जाएगी।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय शुरूआती टीम घोषित

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया ने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 खिलाड़ियों की शुरूआती टीम का ऐलान किया है। यह टूनामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में शुरू होगा।

ऑलराउंडर मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि हार्डी एक बढ़िया तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं। डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद, मैट शॉर्ट ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस, जो श्रीलंका दौरे के लिए टीम में नहीं थे, भी इस बार टीम में हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने भी अपनी जगह बरकरार रखी है।

नाथन एलिस, जिन्होंने होबार्ट हरिकेंस को बीबीएल 14 के फाइनल



तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, भी टीम में शामिल हैं। हालांकि, जैक फ्रेजर-मैकगर्क को खराब फॉर्म के चलते बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह शॉर्ट को ट्रेविस हेड के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया है ।कप्तान पैट कमिंस इस टूनामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे, लेकिन उनके टखने की चोट के चलते खेलना अभी तय नहीं है। कैमरन ग्रीन (पीठ की सर्जरी) और सीन एबॉट भी टीम का हिस्सा नहीं हैं।

चयनकताओं ने टीम में ज्यादा ऑलराउंडरों को शामिल किया है, जिनमें मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और स्पिन ऑलराउंडर ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन शामिल हैं। एडम जाम्पा मुख्य स्पिनर होंगे, जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण में कमिंस, हेजलवुड और नाथन एलिस होंगे।

चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है, जिसमें पिछले वनडे वर्ल्ड कप और अन्य बड़ी सीरीज का अनुभव है। यह टीम हर परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम है।

ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसके मुकाबले अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से होंगे। ग्रुप के सभी मैच पाकिस्तान के लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले के लिए लाहौर या दुबई को चुना गया है। फाइनल 9 मार्च को होगा ।

## भारतीय क्रिकेट पर टी20 का असर, खिलाड़ियों के लिए रणजी जैसी प्रतियोगिताएं जरूरी : सुरेंद्र खन्ना

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए टेस्ट स्तर पर पिछले दो सीरीज काफी खराब रही हैं। भारत ने पहले अपने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के सभी मैच हारे और फिर ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भी 1-3 से गंवा दी। टीम इंडिया के मौजूदा प्रदर्शन, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों की फॉर्म, आने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और योगराज सिंह के बयान पर भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने आईएएनएस से बातचीत की।



आईपीएल को लेकर भारत के पूर्व खिलाड़ी सुरेंद्र खन्ना ने कहा कि यह बहुत ही उत्साहित करने वाली लीग है, जिसे बहुत लोग फॉलो करते हैं। टी20 के नजरिए से यह काफी अच्छी है। हम टी20 विश्व कप के चैंपियन भी हैं। लेकिन टेस्ट मैचों के नजरिए से नुकसान है। भारत ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज हारी हैं। आईपीएल पैसा कमाने का जरिया है, लेकिन अगर आपको अच्छा खिलाड़ी बनना है तो रणजी ट्रॉफी और घरेलू मैच ज्यादा से ज्यादा खेलना चाहिए। इससे मेंटल और फिजिकल दोनों स्तर पर फिटनेस अच्छी होती है।

सुरेंद्र खन्ना ने आगे कहा, लेकिन अब टी20 ज्यादा फॉलो होता है। खिलाड़ियों को चार ओवर डालने के कई करोड़ रुपये मिल जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में 90 ओवर डाले जाते हैं। खिलाड़ियों का अधिकतम फोकस टी20 पर होता है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में कमिंस के खेलने को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं : बेली

**नई दिल्ली ।** 13 जनवरी ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने स्वीकार किया कि उन्हें यह नहीं पता है कि पैट कमिंस आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। हाल ही में कमिंस ने अपने टखने की जांच कराई थी, फिलहाल उनकी फिटनेस की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

कमिंस श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज में शामिल नहीं हैं क्योंकि उनकी दूसरी संतान का जन्म हुआ है। तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ 3-1 की सीरीज जीत के दौरान अपने टखने की समस्या से जूझ रहे थे।

कमिंस को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का कप्तान चुना गया है। यह टूनामेंट 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। हालांकि, टीम अपने पहले मैच से एक हफ्ते पहले तक बदलाव कर सकती है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा के बाद मीडिया से बात करते हुए बेली ने कहा, मुझे अभी कोई नई जानकारी नहीं मिली है। मैंने टेस्ट टीम की घोषणा करते वक्त जो बताया था, वही मेरे पास है। मुझे लगता है कि कमिंस ने अपनी जांच करा ली है, लेकिन मैं उन्हें थोड़ा समय देना चाहता था। जांच के नतीजों के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। कमिंस खेलने को लेकर उत्सुक हैं, लेकिन हमें इस पर काम करना होगा। आईसीसी के नियमों के चलते हमें इतनी पहले टीम का ऐलान करना पड़ता है। कमिंस के लिए अभी कोई तय तारीख नहीं है।



अगर कमिंस नहीं खेलते हैं तो टी20 कप्तान और ऑलराउंडर मिशेल मार्श चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तानी कर सकते हैं। वहीं, युवा ओपनर जेक फ्रेजर मैकगर्क को टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा स्कोर नहीं कर पाए। उनकी जगह मैट शॉर्ट को टीम में शामिल किया गया है।

बेली ने कहा, जेक अभी युवा हैं और उनके पास लंबा सफर है। उनका कौशल बहुत अच्छा है, लेकिन हमारे पास टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों के कई विकल्प हैं।

ऑस्ट्रेलिया की टीम में कई ऑलराउंडर हैं, जैसे ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और आरोन हार्डी। तेज गेंदबाजी विभाग में नाथन एलिस को शॉन एबट पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2009 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

## पीवी सिंधु नई जिंदगी, नए लक्ष्यों के साथ सीजन के लिए तैयार

**नई दिल्ली ।** भारत की दिग्गज शटलर और दो बार की मेडलिस्ट पीवी सिंधु अपनी शादी के बाद वापस प्रतिस्पर्धी खेल पर अपना फोकस कर रही हैं। उन्होंने नए सीजन के लिए 'नए लक्ष्य' निर्धारित किए हैं। सिंधु ने पिछले साल उदयपुर में हैदराबाद के बिजनेसमैन वेंकट दत्त साई के साथ शादी की है। वह मंगलवार से इंडिया ओपन, बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 में हिस्सा लेंगी, जो शादी के बाद उनका पहला टूनामेंट भी होगा।

सिंधु ने टूनामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईएएनएस को बताया, ₹नया साल है, तो नए लक्ष्य हैं, नई जिंदगी है और नया दौर है। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह मेरे लिए शादी के बाद और नए सीजन का पहला टूनामेंट है, और वो भी अपने देश में। मैंने पिछले साल चोट की वजह से यह टूनामेंट मिस कर दिया था। मैं इसे लेकर



तैयार हूं और उम्मीद है कि अच्छा प्रदर्शन करूंगी। सिंधु ने 2017 में इंडिया ओपन जीता था और 2018 में वह उपविजेता रही थीं। इसके बाद 2019 और 2022 में वह सेमीफाइनल तक पहुंचीं, लेकिन 2023 में पहले दौर में बाहर हो गईं। चोट के कारण उन्होंने पिछले साल का सुपर 750 टूनामेंट भी नहीं खेला था।

# अभिनेता अजित कुमार ने रेसिंग कार पर लगाया तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण का लोगो

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अभिनेता अजित कुमार को कार पर तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण का लोगो और उनकी टीम अजित कुमार रेसिंग द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरणों को प्रदर्शित करने के लिए धन्यवाद दिया है।

उन्होंने प्रतिष्ठित 24एच दुबई 2025 रेसिंग इवेंट की 991 श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल करने पर अभिनेता और उनकी टीम को तहे दिल से बधाई दी।

अपनी एक्स टाइमलाइन पर उदयनिधि ने लिखा, मैं यह सुनकर रोमांचित हूं कि अजित कुमार सर और उनकी टीम ने 24एच दुबई 2025 में 991 श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल



किया है। मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए अजित कुमार सर और उनकी टीम को हार्दिक बधाई देता हूं। मैं अजित सर को हमारे देश और तमिलनाडु को और भी अधिक गौरव दिलाने में निरंतर सफलता की कामना करता हूं। रविवार को अजीत की टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली कार रेस स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त करके देश को गौरवान्वित किया। जीत के तुरंत बाद अजीत कुमार रेसिंग ने ट्वीट किया, अजीत कुमार के लिए दोहरी सफलता - 991 श्रेणी में तीसरा स्थान और जीटी4 श्रेणी में स्पिरिट ऑफ द रेस। ब्रेक फेल होने के कारण हुई दुर्घटना के बाद क्या शानदार वापसी है। उदयनिधि स्टालिन ने पिछले वर्ष घोषणा की थी । कि अजित की टीम अपने उपकरणों पर तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण का लोगो लगाएगी। 29 अक्टूबर, 2024 को उदयनिधि स्टालिन ने अजित को शुभकामनाएं देते हुए कहा था। अभिनेता और मित्र अजित कुमार सर को पोर्श 992 जीटी3 कप वर्ग में प्रतिष्ठित 24एच दुबई 2025 और यूरोपीय 24एच सीरीज चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली निराशाजनक हार के बाद सितसिपास ने दी प्रतिक्रिया

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले ही राउंड में हारकर बाहर होने के बाद, स्टेफानोस सितसिपास निराश हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी रणनीति ठीक नहीं साबित हुई। जिसके तहत उन्होंने डबल्स से नाम वापस लेकर सिंगल्स पर ध्यान केंद्रित करना चाहा, लेकिन यह फैसला उनके खिलाफ ही चला गया।

सितसिपास ने कहा, यह विडंबनापूर्ण है। मेरा मकसद था कि ऑस्ट्रेलियन ओपन में लंबा सफर तय करूं, लेकिन लगता है कि कर्मा ने मुझे सबक सिखा दिया।

सितसिपास चार सेट के मैच में 20 साल के अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से हार गए। यह हार उनके लिए चौंकाने वाली थी क्योंकि मेलबर्न पार्क में वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं।

2023 में उपविजेता और तीन बार के सेमीफाइनलिस्ट सितसिपास ने सिंगल्स पर फोकस करने के लिए अपने भाई पेट्रोस के साथ डबल्स से हटने का फैसला किया था। वह अपनी एनर्जी बचाकर टूनामेंट के अंत तक खेलना चाहते थे।



लेकिन यह योजना अब फेल हो गई।

सितसिपास ने स्वीकार किया, मैं इस बार उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाया, जैसा मैं चाहता था। पूरा मकसद था ऊर्जा बचाना और तरोताजा रहना। लेकिन यह काम नहीं आया।

इस हार के बाद सितसिपास ने अपनी मानसिकता को लेकर भी आत्मचिंतन किया। उन्होंने कहा, पहले मेरा दिमाग ज्यादा तरोताजा और जीत के लिए भूखा था। 2019 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में जब मैं रोजर फेडरर को हराकर सेमीफाइनल तक पहुंचा था, उस वक्त की ऊर्जा और उत्साह बिल्कुल अलग था। हालांकि, सितसिपास ने यह भी माना कि उनका जुनून अब भी वही है, लेकिन उनकी सोच और स्थिरता में बदलाव आया है।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में मैंने अपने करियर को अच्छी तरह स्थापित किया है। अब ऊर्जा और सोच का तरीका थोड़ा अलग हो गया है। मैं अब बेहतर खिलाड़ी हूं, भले ही हार रहा हूं। 2025 का सीजन भी सितसिपास के लिए धीमा शुरू हुआ है।

इस साल के पहले तीन मैचों में से दो में हारने के बाद उनका फॉर्म अभी संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा, ग्रैंड स्लैम के पहले ही राउंड में हारने की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि रिकवर करने के लिए कुछ ज्यादा ही समय मिल जाता है। आपको अगले टूनामेंट तक इंतजार करना पड़ता है। हालांकि, इस हार के बावजूद सितसिपास अपने खेल को लेकर सकारात्मक हैं।

## पंजाब किंग्स के स्थायी कप्तान बन पाएंगे श्रेयसद्ध, 17 साल में बदले 17 कप्तान

**नई दिल्ली ।** अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसी कड़ी में श्रेयस अय्यर को कप्तान नियुक्त किया है। श्रेयस इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान



रह चुके हैं और उनके नेतृत्व में ही टीम ने पिछले सत्र खिताब अपने नाम किया था। श्रेयस ने कप्तानी में अपना दम दिखाया है। यही कारण है कि अब पंजाब किंग्स ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। रिकॉर्ड कीमत पर पंजाब ने खरीदा था आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को रिकॉर्ड दाम पर अपनी टीम में शामिल किया था। श्रेयस कुछ समय के लिए आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे।

# चयनकताओं का फैसला गलत नहीं

## श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर होने पर बोले मैक्सवेल

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो वही फैसला लेते, जो ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं ने लिया। मैक्सवेल को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया।

मैक्सवेल ने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था। अब वह इस दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह पहली बार चुने गए ऑलराउंडर कूपर कॉनॉली को टीम में लिया गया है। मैक्सवेल ने इसे पूरी तरह समझने योग्य बताया।

फॉक्स स्पोर्ट्स के मैक्सवेल के हवाले से कहा, यह बस चयन का मामला है। हमेशा कुछ खिलाड़ी होते हैं जो टीम में जगह चाहते हैं। मैंने कभी नहीं छुपाया कि मैं इस दौरे पर जाना चाहता था, लेकिन मैं उनकी वजहों को पूरी तरह समझ सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही वर्ल्ड टेस्ट



चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच चुका है। उनके पास श्रीलंका में दो टेस्ट हैं और अगले कुछ सालों में उपमहाद्वीप के और भी दौरे होंगे। ऐसे में नए खिलाड़ियों को इन परिस्थितियों में खेलने का मौका देना जरूरी है।

उन्होंने कूपर कॉनॉली को लेकर कहा, किसी युवा खिलाड़ी के लिए यह अनुभव शानदार होगा। कूपर का पहला टेस्ट दौरा है। अगर मैं चयनकर्ता होता, तो शायद मैं भी यही फैसला लेता।

मेलबर्न स्टार्स की ओर से बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 52 गेंदों पर 90 रन की धमाकेदार पारी खेलने के बाद मैक्सवेल ने कहा कि वह अपने टेस्ट करियर पर फिलहाल कोई फैसला नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी भविष्य की कोई योजना नहीं बना रहा हूं। मैं फिलहाल अगले मैच की तैयारी पर ध्यान दे रहा हूं।

अपनी शानदार पारी के बारे में मैक्सवेल ने कहा, हर चीज मेरे हिसाब से नहीं हो रही थी। शायद हर दूसरी या तीसरी गेंद सही तरीके से खेल पा रहा था। पिच के हालात को देखते हुए मेरा प्लान सिर्फ यह था कि गेंदबाजों पर इतना दबाव बनाऊं कि वह गलतियां करें, चाहे ओवरपिच गेंद डालें या थोड़ी वाइड फेंकें, जिससे मैं अपने शॉट खेल सकूं। उन्होंने यह भी कहा, मुझे लगा कि मैंने कई बार गेंद को सही से हिट नहीं किया और कई बार शॉट्स मिसटाइम हुए।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने ठंड से बचाव के लिए सफाई कर्मचारियों को वितरित किए कंबल







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 39 के सभी सफाई कर्मचारी को सोमवार को पूर्व पार्षद हिमांश लव ने सर्दी के मौसम में कंबल का वितरण किया। हिमांशु लव ने कहा कि सफाई कर्मचारी सर्दी से बच सकें, वाल्मीकि समाज की सेवा ही मेरा प्रथम कर्तव्य है। जो काम यह सफाई कर्मचारी करते हैं उस कार्य को कोई भी अन्य व्यक्ति नहीं कर सकता। हिमांशु लव ने आगे कहा कि मैं नारायण सेवा मानकर ही सेवा करता हूं।

# चंद्रपुरी स्थित निगम स्कूल का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से की मुलाकात

## निगम स्कूलों का नाम रोशन करेंगी छात्राएं : विक्रमादित्य सिंह मलिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा संचालित विद्यालयों के लिए नगर आयुक्त गाजियाबाद नगर निगम सदैव ही जागरूक रहे हैं और प्रयासरत रहते हैं, निगम के विद्यालयों का स्तर और बेहतर किया जा सके। लगातार अधिकारियों की कार्यवाही चल रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी गाजियाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं को देखा और प्रधानाचार्य से विद्यालय में संबंधित अन्य आवश्यक जरूरतों की जानकारी प्राप्त की। जानकारी के आधार पर तुरंत नगर आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए निर्देशित किया।



### परीक्षा तिथि की घोषणा शिक्षा विभाग कर चुका है

**करंट क्राइम।** यूपी बोर्ड की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की प्री बोर्ड लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा की तिथि की घोषणा शिक्षा विभाग के द्वारा की जा चुकी है। इसी क्रम में नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी गाजियाबाद में कक्षा 12 की छात्राओं के द्वारा गृह विज्ञान की पाक कला प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अलग-अलग राज्य से संबंधित तथा मोटे अनाज का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बनाया। बाजरे के लड्डू, बाजरे की रोटी, मक्का की रोटी, सरसों का साग, गाजर का हलवा, बाजरे के लड्डू, ढोकला, खीर, तिल के लड्डू, चावल, मटर पनीर, छोले भटूरे, बूंदी का रायता कचोरी, बाजरे की खिचड़ी, बाजरे का दलिया, कौर्न के समोसे बनाकर प्रस्तुति की गई। प्री बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा का निरीक्षण भी नगर आयुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ किया गया।

### नगर आयुक्त ने किया छात्राओं के द्वारा बनाए गए व्यंजनों का अवलोकन

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने छात्राओं के द्वारा बनाए गए व्यंजनों का अवलोकन कर उनकी कलात्मकता को सराहा और छात्राओं को आने वाली बोर्ड परीक्षाओं की शुभकामनाएं दीं। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उपस्थित रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अन्तिमा चौधरी ने विद्यालय की उपलब्धियों से नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों को अवगत कराया।

# पुलिस की बदमाश से मुठभेड़, पैर में मारी गोली

## बंद मकानों में करता था चोरी, खंगाला जा रहा आपराधिक इतिहास



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर 49 पुलिस द्वारा सेक्टर 50 केंद्रिय विहार गोलचक्कर के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान सामने से एक संदिग्ध मोटर साइकिल सवार आते दिखा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रूका और मोटर साइकिल को तेजी से पीछे मोड़कर भागने लगा। जिससे उसकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। मोटर साइकिल को छोड़कर बदमाश भागने लगा।

### किमती बर्तन न अन्य सामान बरामद

पुलिस द्वारा उसका पीछा किया गया। बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस ने जवाबी फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। वह घायल हो गया। इसकी पहचान संजय पुत्र सरजू निवासी जिला प्रतापगढ़ हुई है। बदमाश की उम्र करीब 24 साल बताई गई। इसके कब्जे से चोरी की एक प्लेट, एक चम्मच, दो कटोरी व दो छोटे गिलास सफेद धातु व 3000 रुपए नगद व एक तमंचा .315 बोर का बरामद किया गया। बदमाश से चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गई।

### मकान में घुसकर की थी चोरी

पूछताछ ने बताया कि कुछ दिन पहले सेक्टर 47 में जलवायु विहार टावर के एक मकान में रात के समय घुसकर कीमती सामान व रुपए चोरी किए थे। मोटर साइकिल मैने कुछ दिन पहले सलारपुर से चोरी की थी। बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। अब तक खंगाले गए आपराधिक रिकार्ड में बदमाश पर 6 मुकदमा मिले है।

# नीरज त्यागी ने मंडल अध्यक्ष नियुक्ति पर जताया आभार, वरिष्ठ नेताओं से लिया आशीर्वाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर अशु वर्मा, मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप चौधरी से राजनगर मंडल के नव-घोषित अध्यक्ष नीरज त्यागी ने उनके आवास पर मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नीरज त्यागी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि वह अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। इस मौके पर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, मंत्री नरेन्द्र कश्यप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजा वर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, मोनू त्यागी ने नीरज त्यागी को अपनी ओर से बधाई दी, मिठाई खिलाकर पटका पहनाकर स्वागत किया। सभी ने साथ ही साथ जिला प्रतिनिधि बनाए जाने पर विनीत शर्मा को भी बधाई दी।

महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने विश्वास जताया कि नीरज त्यागी के नेतृत्व में राजनगर मंडल को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। साथ ही, उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और 2027 में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के पहले से ही संकल्पबद्ध होकर काम करने की बात कही। नव घोषित मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी ने कहा मंडल का हर कार्यकर्ता आज से खुद को मंडल अध्यक्ष मानकर संगठन के कार्य में जुट जाए। इस दौरान मंडल के कई कार्यकर्ता जिनमें उपेन्द्र शिसोदिया, आर सी शर्मा, मनीष मित्तल, श्रीचंद चौहान, अनुज राघव, विजय कोरी, मानिक नागर, दीपक वर्मा, जुगनू ठाकुर आदि भी मौजूद रहे।



नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का अघोषित स्वागत कार्यक्रम उनके पी ब्लॉक कार्यालय में लगातार जारी है, जिसमें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जो मंडल में जोश और एकजुटता का नया उत्साह भरने का काम कर रहा है। कार्यकताओं के बीच ऊर्जा और समर्पण का माहौल देखने को मिल रहा है।

# भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन को अमरत्व प्रदान करने का महाआयोजन है महाकुंभ

## इस बार 144 वर्ष बाद समुद्र मंथन जैसा दुर्लभ संयोग बना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संगम तट पर महाकुंभ का आगाज हो रहा है। यह मेला 45 दिन चलेगा। पौराणिक मान्यता है कि समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश को लेकर देवों और दैत्यों की बीच हुई छीना झपटी में प्रयाग में इस स्थान पर अमृत छलका था। उस अमृत की प्राप्ति के लिए भारतीय समाज कुंभ में आता है। विद्वानों का मत है कि 144 वर्ष बाद समुद्र मंथन जैसा दुर्लभ संयोग इस बार बन रहा है। यह केवल कोई धार्मिक मेला नहीं है और न केवल संगम स्नान मात्र है। यह मेला भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन को अमरत्व प्रदान करने का महा आयोजन है। एक निश्चित अवधि के बाद अपने समाज में आए बदलावों, विसंगतियों और दोषों पर सामूहिक मंथन करके सही राह पर चलने का मार्गदर्शन करता है। साधु संतों, संत महात्माओं, धार्मिक और सामाजिक संगठनों और विभिन्न मत संप्रदायों जो अपनी जड़ें भारतीय जीवन पद्धति में देखते हैं सभी एकत्र होते हैं। मंथन करते हैं। धर्म और संस्कृति के उन्नयन के लिए अमृत का पान करने का प्रयास करते हैं।



सच में ये अनेकता में एकता का दर्शन कराने वाला आयोजन है। करोड़ों सनातनी अलग अलग वेश अलग अलग प्रदेश अलग अलग भोजन अलग अलग आराध्य लेकिन सभी का एक उद्देश्य अमृत्व की प्राप्ति। इसी लक्ष्य के लिए जीवन दायिनी गंगा यमुना और सरस्वती के संगम पर सामूहिक अमरता का वरदान प्राप्त करने का प्रयास भारतीय जीवन दर्शन का मजबूत आधार स्तंभ है।

# प्लास्टिक बैग फैक्ट्री में मची तबाही



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सेक्टर 80 में स्थित विष्णु पैकवेल प्लास्टिक बैग फैक्ट्री में मंगलवार सुबह भीषण आग ने तबाही मचा दी। फैक्ट्री की चारों मंजिलें आग की चपेट में आ गईं, जिससे करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की 25 से अधिक गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है।

### फायर सर्विस यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे के अनुसार, सुबह 8:12 बजे आग की सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची। फैक्ट्री के बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल में फैली आग को बुझाने के लिए फायर कर्मियों को बीए सेट का उपयोग कर धुएं में प्रवेश करना पड़ा।

### इमारत के ढहने का खतरा

आग की तीव्रता से फैक्ट्री की इमारत की संरचना कमजोर पड़ गई, जिससे इसके ढहने का खतरा उत्पन्न हो गया। सुरक्षा कारणों से दमकल कर्मियों को बिल्डिंग से बाहर निकाल लिया गया। विशेष रूप से बेसमेंट में लगी आग ने विभाग के लिए चुनौती पेश की, जो बार-बार भड़क उठती थी।

# नवनियुक्त वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी का हुआ स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के नवनियुक्त वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी का मंडल में जगह-जगह स्वागत हुआ। वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी व पूर्व पार्षद आशा भाटी ने वसुंधरा सेक्टर 13 दुर्गा बैंकट हॉल में स्वागत समारोह रखा जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद नरेश भाटी, निवर्तमान पार्षद आशा भाटी ने नव नियुक्त मण्डल अध्यक्ष विनित त्यागी का फूल माला व शॉल पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं वसुंधरा सेक्टर 5 मोहन मिकिन्स समिति में मुकेश पोसवाल के आवास पर नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष विनित त्यागी का जोरदार स्वागत किया गया। वही वार्ड 61 के पार्षद शिल्पा चौधरी, आशीष चौधरी का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर गजराज बावरा, रवीन्द्र प्रधान, विजेंद्र नागर, वीरेन्द्र प्रताप त्यागी, एचपी राणा, विक्रम बंसल, रणजीत पोसवाल, प्रतोष त्यागी, अरुण चोहान, नितिन चोहान, एस एस रावत, अशोक नागर, रामकिशन भाटी, महेश बिसनोई, अतुल रस्तोगी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# जिला अस्पताल में महिला आयोग का सख्त रुख

## दवाओं की कमी और साफ-सफाई पर जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने सोमवार को हापुड़ जिला संयुक्त अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, दवाइयों की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। मरीजों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

भराला ने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर इलाज और पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई के मानकों में सुधार लाने के लिए कहा।



### आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया

इसी दौरान उन्होंने पिलखुवा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की और कड़े निर्देश दिए कि शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए। बच्चों की देखभाल में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील त्यागी, डिप्टी कलेक्टर व जिला कार्यक्रम अधिकारी इला प्रकाश, जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह और सीडीपीओ ललिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खेत में मिला युवक का शव सिर पर गहरी चोट के निशान

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव अल्लीपुर के उपेड़ा मार्ग पर के नजदीक खेतों में एक 55 वर्षीय व्यक्ति का अर्धनग्न शव मिला। मृतक के सिर पर धारदार हथियार से किए गए वार के गंभीर निशान मिले हैं।



घटना की जानकारी सुबह उस समय मिली जब कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे। शव की स्थिति देख उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए।

सीओ जितेंद्र शर्मा के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। क्षेत्र में इस घटना से दहशत का माहौल है। पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है।

# शिप्रा सनसिटी में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी का पर्व



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी फेस वन में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। वही लोग मॉल, औद्योगिक क्षेत्रों व आरडब्ल्यूए में कहीं एक दूसरे को लोहड़ी की बधाइयां देते तो कहीं ढोलक की थाप नृत्य करते नजर आए। इसके साथ ही इंदिरापुरम स्थित विभिन्न अपार्टमेंटों में भी विभिन्न आरडब्ल्यूए द्वारा लोहड़ी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए के नेतृत्व में लोगों ने लकड़ी व उपलो का ढेर लगाकर क्रम से रेवड़ी, गुड़ आदि का भोग लगाया। देर शाम को सभी ने ढेर काचक्कर लगाकर एकजुट होकर लोहड़ी को अग्नि दी। इस दौरान जगह-जगह लोग ढोल की थाप वातावरण में उल्लास भरता रहा। लोहड़ी का यह उल्लास वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी आदि जगहों पर भी देखा गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, पार्षद संजय सिंह, विन्दा चावड़े, अंशुमान सिंह, निरुपमा, हेमा, पुष्कर, रंजन आदि लोग मौजूद रहे।



# लॉस एंजिल्स में भीषण आग का तांडव जारी, मरने वालों की संख्या हुई 24

## भीषण आग ने लॉस एंजिल्स के पॉश इलाकों में हजारों घरों को तबाह कर दिया

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भयावह फैलती जा रही है। इस आग ने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। इसके चलते अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं भीषण आग ने लॉस एंजिल्स के पॉश इलाकों में हजारों घरों को तबाह कर दिया है। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में लगी आग पर काबू पाने के लिए कई विमानों को लगातार गुलाबी रंग का एक तरल पदार्थ आग पर गिराते देखा जा रहा है। लॉस एंजेलिस में जंगल की आग के फैलकर कई रिहाइशी इलाके को अपनी चपेट में ले चुका है। इस आग की वजह से मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इस आग की वजह से अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। रविवार को मौसम पर नजर रखने वाली एक निजी कंपनी ने आग की वजह से करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है। इस आग पर काबू पाने के लिए फायर फाइटर्स लगातार कोशिश कर रहे हैं और अभी भी कई जगहों पर उनका यह प्रयास जारी है लॉस एंजेलिस में हवाई जहाज से आग पर गुलाबी यानी पिंक रंग का लिक्विड गिराया जा रहा है।





दरअसल ये एक फायर रिटार्डेंट है, यानी ऐसा पदार्थ जो आग लगने या जलने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है। यह गुलाबी पदार्थ पानी, साल्ट्स (केमिकल) और उर्वरकों का मिश्रण है। इसमें मूल रूप से अमोनियम फॉस्फेट मिला हुआ घोल होता है। आग के जलने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है और यह रासायनिक मिश्रण से आग को मिलने वाला ऑक्सीजन रोक देता है। ताकि यह ज्यादा तेजी से न फैल सके। अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के मुताबिक यह अमोनियम पॉलिफॉस्फेट जैसे साल्ट्स (केमिकल) का बना होता है जो पानी की तरह आसानी से भाप बनकर उड़ता नहीं है, बल्कि लंबे समय तक सतह पर मौजूद रहता है। इससे उस सतह (जहां आग लगी हो) को ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं हो पाती है और आग की लपटें धीमी हो जाती हैं। इस तरह से यह तरल पदार्थ आग को फैलने से रोकने का काम करता है। आग बुझाने के लिए इस्तेमाल इस केमिकल को गुलाबी रंग इसलिए दिया जाता है ताकि दमकल कर्मियों को ये पता चल जाए कि कहां इसका इस्तेमाल हो चुका है। इसके अलावा ये रंग आग की जद में आए क्षेत्र को भी साफ दिखाता है। इससे लोगों को पता चलता है कि कौन से इलाके आग से प्रभावित हैं। आग पर काबू पाने की ये तकनीक विवादों में भी रही है क्योंकि इस केमिकल के इंसानों और पर्यावरण पर होने वाले असर को लेकर चिंता जताई जाती है।

### आग कितनी भयावह

अंग्रेजी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को अमेरिकी फॉरेस्ट सर्विस ने बताया है कि ऐसे नौ बड़े हवाई जहाज और पानी छिड़कने वाले 20 हेलीकॉप्टर्स को आग पर काबू पाने के अभियान में शामिल किया गया है। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में फायर फाइटर्स के हवाले से मिली अधिकारिक जानकारी के अनुसार के तीन जगहों पर अभी भी आग बुझाने का काम जारी है। यहां पर कम से कम छह जगहों पर आग लगी थी, जिसमें से कुछ जगहों पर आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। वहीं इटन और हर्स्ट में अभी भी बड़े हिस्से आग की जद में हैं।

### क्या है आग फैलने की वजह

स्थानीय अधिकारियों ने लॉस एंजेलिस में आग लगने के पीछे तेज हवाओं और सूखे मौसम की तरफ इशारा किया है। जिसकी वजह से पेड़-पौधे सूख गए और उनमें आग फैलना आसान हो गया। हालांकि तेज हवाएं और बारिश की कमी मौजूदा आग का कारण बन रही है। इस आग के फैलने का एक बड़ी वजह 'सेंटा एना' हवाएँ हैं, जो जमीन से समुद्र तट की ओर बहती हैं। माना जाता है कि करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलने वाली इन हवाओं ने आग को अधिक भड़काया। सेंटा एना हवाएं अमेरिका के पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा से तट की ओर बहती हैं। ये हवाएं साल में कई बार बहती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन हालात को बदल रहे हैं। इसकी वजह से आग की संभावना लगातार बढ़ रही है। अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध जलवायु परिवर्तन से है।


# ब्रिटिश मंत्री ने की चैटजीपीटी की वकालत
## कहा- बच्चों को होमवर्क में मदद के लिए उपयोग की अनुमति मिले

**लंदन ।** ब्रिटेन तेजी से एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) और चैटजीपीटी को अपना रहा है। ब्रिटेन के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री पीटर काइल ने कहा कि बच्चों को होमवर्क में मदद करने के लिए चैटजीपीटी के उपयोग करने की अनुमति दी जानी चाहिए। ब्रिटेन एआई के भविष्य को लेकर रूपरेखा तय कर रहा है।

एक इंटरव्यू में यूके के मंत्री काइल ने कहा कि अगर सही तरीके और सही निगरानी में चैटजीपीटी का उपयोग किया जाता है तो इसे बच्चों के होमवर्क में मदद करने की अनुमति देने से कोई हर्ज नहीं है। चैटजीपीटी और एआई जिस तकनीकी भाषा का उपयोग कर रही है, वह पहले से ही अर्थव्यवस्था में इस्तेमाल हो रही है। उन्होंने कहा कि मुझे कैलकुलेटर के बारे में बातचीत याद है। हमें यह तय करना होगा कि बच्चे और युवा इस तकनीक का उपयोग सीखें और इसे सीखने के विकास में शामिल करें।

उन्होंने कहा कि चैटजीपीटी का उपयोग बच्चों के दिमाग की गति को तेज कर सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे असाधारण प्रतिभा वाले होते हैं। चैटजीपीटी और एआई का प्रयोग करके उनमें ऊर्जा का संचार किया जा सकता है। उन्हें जो अन्य जगहों पर नहीं मिल रहा है, वह यहां मिल सकता है।

चैटजीपीटी एक ऑनलाइन एआई-संचालित भाषा मॉडल (एलएलएम) है। यह चैटबॉट के साथ मानव जैसी बातचीत करने और बहुत कुछ करने में सक्षम है। पिछले कुछ वर्षों में एआई चैटबॉट ने स्कूलों और कॉलेजों में सीखने की संरचना के बारे में सवाल उठाए हैं जहां अधिक से अधिक छात्र केवल होमवर्क पूरा करने और परीक्षा पास करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों पर निर्भर हैं।




### एआई कार्ययोजना लागू करने जा रही ब्रिटेन सरकार

हाल ही में ब्रिटेन में कीर स्टार्मर की पार्टी की सरकार ने एआई कार्ययोजना लागू करने की तैयारी की है। स्टार्मर सरकार का मानना है कि अगर एआई को पूरी तरह से अपनाया जाता है तो यह हर साल 47 बिलियन पाउंड का अर्थव्यवस्था में निवेश कर सकती है। साथ ही अगर निजी क्षेत्र ने इसमें 14 बिलियन पाउंड का निवेश किया तो इससे करीब 13 हजार नई नौकरियां पैदा होंगी। मंत्री काइल ने कहा कि हमारा लेबर प्रशासन एआई सुरक्षा पर पाठ्यक्रम सुधार लागू करेगा।

# 15 महीने से जारी हमास-इस्राइल जंग थमेगी
## अधिकारियों का दावा- संघर्ष विराम वार्ता पर बन सकती है बात

**यरुशलम ।** हमास और इस्राइल एक साल से अधिक समय जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा। यह शहर मलबों के ढेर में तब्दील हो गया है। वहीं, हमास भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। इस बीच, अमेरिका और अरब देशों के मध्यस्थ संघर्ष विराम और गाजा में बनाए बंधकों की रिहाई को लेकर लगातार कोशिश कर रहा है। इस प्रयास में काफी प्रगति दिखी है, मगर अभी तक एक समझौता नहीं हो पाया है। सोमवार को कुछ अधिकारियों ने दावा किया कि अगले कुछ दिन इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



### 15 महीने से जारी युद्ध

तीन अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि संघर्ष विराम समझौते में प्रगति हुई है। आने वाले दिन मध्य पूर्व को अस्थिर करने वाली 15 महीने से अधिक की लड़ाई को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। तीन अधिकारियों में से एक और हमास के एक अधिकारी ने कहा कि अभी भी कई बाधाओं को दूर करना बाकी है। पिछले एक साल में कई मौकों पर अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि वे समझौते पर पहुंचने की कगार पर थे।

### रातों-रात समझौते में दिखी प्रगति

बातचीत से परिचित एक शख्स ने कहा कि रातों-रात एक सफलता मिली है और प्रस्तावित सौदे पर बात बन सकती है। इस्राइल और हमास के वातार्कार अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए अपने नेताओं के पास वापस ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि खाड़ी देश कतर के मध्यस्थों ने हमास पर समझौते को स्वीकार करने के लिए नए सिरे से दबाव डाला है, जबकि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ इस्राइलियों पर दबाव डाल रहे हैं। विटकॉफ हाल ही में वार्ता में शामिल हुए और हाल के दिनों में इस क्षेत्र में रहे हैं। अगले 24 घंटे अहम

अधिकारी ने बताया कि मध्यस्थों ने प्रत्येक पक्ष को मसौदा सौदा सौंप दिया है और अगले 24 घंटे निर्णायक होंगे। एक मिस्र के अधिकारी ने कहा कि रातों-रात अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन इसमें कुछ और दिन लगने की संभावना है। दोनों पक्ष ट्रंप के 20 जनवरी के उद्घाटन से पहले एक समझौते का लक्ष्य बना रहे हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वार्ता अच्छी स्थिति में है।

# भारतवंशी अंगद ने बनाया लेट मी डू इट एप
## दिव्यांगों-बुजुर्गों की करेगा देखभाल

**नई दिल्ली ।** दिव्यांग लोगों को सशक्त बनाने के लिए भारतीय मूल के एक उद्यमी ने एक अनूठा एप बनाया है। अमेरिका के लास वेगास में आयोजित व्यापार शो में अटलांटा में रहने वाले भारतीय मूल के उद्यमी अंगद सहगल ने 'लेट मी डू इट' नाम के एक एप का प्रदर्शन किया। यह एप दिव्यांग लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो जटिल निर्णयों को सरल और सुलभ बनाता है। इस एप को अंगद और उनके पिता अमित सहगल ने मिलकर विकसित किया है। अंगद के पिता ने कहा, यह पहला विकलांगता-केंद्रित निर्णय लेने वाला एप, जो दिव्यांग लोगों को उनकी देखभाल करने वालों और वरिष्ठ नागरिकों को निर्णय लेने में मदद करता है। चाहे वह रोजमर्रा के जीवन के निर्णयों से संबंधित हो या व्यक्तिगत वित्त का प्रबंधन करने से।

इसके अलावा, लास वेगास में आयोजित कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो



सीईएस-2025 में दुनियाभर की टेक कंपनियों ने कई ऐसे नए और शानदार उत्पाद पेश किए हैं, जो हैरान करने वाले हैं। 10 जनवरी तक चलने वाले इस शो में दिखाए गए इलेक्ट्रिक चम्मच, इमोशनल रोबोट डॉग, गड्ढों को उड़कर पार करने वाली सुपरकार और बॉडी स्कैनिंग हेल्थ मिरर जैसे इनोवेटिव उत्पादों की उन्नत झलक देखने को मिल रही है।

# चाड के राष्ट्रपति डेबी की पार्टी ने संसदीय चुनाव में दर्ज किया बहुमत

**नई दिल्ली ।** चाड से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राष्ट्रपति महामत इदरीस डेबी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ पैट्रियोटिक साल्वेशन मूवमेंट (पीएसएम) ने दिसंबर में हुए संसदीय चुनावों में भारी जीत हासिल की है। चुनाव आयोग के प्रमुख अहमद बार्टचिरेट द्वारा शनिवार को घोषित अस्थायी परिणामों के अनुसार, पीएसएम ने नेशनल असेंबली की 188 में से 124 सीटें जीती हैं।



### विपक्षों ने चुनाव की वैधता पर उठाए थे सवाल

बता दें कि इन चुनावों का बहिष्कार मुख्य विपक्षी दलों ने किया था और इनमें 51.56 प्रतिशत मतदान हुआ। विपक्षी दलों ने इस चुनाव की वैधता पर सवाल उठाए और इसे ढोंग करार दिया। यह चुनाव चाड में एक दशक से अधिक समय में पहला संसदीय चुनाव था, जिसमें नगरपालिका और क्षेत्रीय वोट भी शामिल थे। चुनाव के दौरान सुरक्षा की समस्या गौरतलब है कि चाड में हुए इस सांसदीय चुनाव के दौरान कई सारी सुरक्षा समस्याओं का सामना कर रहा था। इसमें जिनमें बोको हराम आतंकवादी समूह का खतरा और फ्रांस के साथ सैन्य सहयोग पर तनाव शामिल था। साथ ही हाल ही में चाड ने फ्रांस के साथ सैन्य संबंध तोड़े और रूस के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया।

# दक्षिणी कैरोलिना में बहाल हुई बिजली, बफीर्ले तूफान के बीच हजारों लोगों को राहत, अपातकाल की स्थिति बरकरार

**न्ययॉर्क ।** अमेरिका में शीतकालीन बफीर्ले तूफान ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। बफीर्ले तूफान के कारण उत्तरी और दक्षिणी कैरोलिना क्षेत्रों में स्कूल बंद हो गए, बिजली कट गई और कई उड़ानें रद्द हो गई तो कुछ देर से चलीं। हालांकि रविवार को तापमान बढ़ने से बर्फ पिघलने लगी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कुछ दिनों से बिना बिजली के रह रहे 1000 लोगों के लिए कर्मचारियों ने बहुत मेहनत की और रविवार तक उत्तरी और दक्षिणी कैरोलिना के कुछ हिस्सों में बिजली बहाल कर दी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।



### अटलांटा में लगभग 1000 उड़ानें प्रभावित

अटलांटा में शनिवार को लगभग 1,000 उड़ानें रद्द या विलंबित हो गईं। रिपोर्ट के अनुसार रविवार तक हवाई अड्डे पर सभी रनवे और पार्किंग स्थल बर्फ से साफ हो गए थे। मामले में जॉर्जिया पावर के अधिकारियों ने बताया कि रविवार तक राज्य के 97 प्रतिशत ग्राहकों को बिजली वापस मिल गई थी।

### मौसम विज्ञानी डायलन लुस्क ने दी जानकारी

साथ ही मामले में मौसम विज्ञानी डायलन लुस्क ने कहा कि सर्दी का मौसम अब इस क्षेत्र में लगभग-लगभग खत्म हो चुका है और बर्फ पिघलने लगी है। इस तूफान में कुछ जगहों पर 7 इंच (18 सेंटीमीटर) तक बर्फबारी हुई। बता दें कि मेम्फिस और अटलांटा जैसे शहरों में बर्फबारी हुई, जो सामान्यतः बहुत कम बर्फबारी का अनुभव करते हैं।

**टेक्सास से लेकर जॉर्जिया तक बंद रहे स्कूल :** उन्होंने कहा कि हालांकि मौसम में सुधार हो रहा है, फिर भी कुछ जगहों पर रविवार को बंदी घोषित की गई है। टेक्सास से लेकर जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना तक के स्कूल बंद रहे, जिससे बच्चों को बर्फबारी का अनुभव हुआ। अलबामा में, अधिकारियों ने कहा कि अगर सड़कें ठीक नहीं हुईं, तो सोमवार को भी स्कूल बंद हो सकते हैं। अटलांटा समेत कई राज्यों में आपातकाल की स्थिति अमेरिका के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में अधिकांश इलाके तीन दिनों से जारी भीषण आग में तबाह हो चुके हैं। लोगों पर संकट अब भी बरकरार है। उधर, अटलांटा प्रांत में भीषण बफीर्ले तूफान ने टेक्सास और ओक्लाहोमा के अधिकांश हिस्सों में भारी बर्फ जमा दी है। सड़कों पर बर्फ जम गई है ।

# पाकिस्तान में कैसे और कहां मिला सोने का भंडार इससे मिट सकती है पड़ोसी मुल्क की गरीबी

**इस्लामाबाद ।** इस सोने के भंडार की कीमत करीब 800 अरब पाकिस्तानी रुपये आंकी जा रही है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पूर्व खनन मंत्री इब्राहिम हसन मुराद ने यह दावा किया है।

### पाकिस्तान पंजाब के पूर्व खनन मंत्री का दावा

इब्राहिम हसन मुराद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'पंजाब के पूर्व खनन मंत्री इब्राहिम हसन मुराद ने एक अहम खोज का खुलासा किया है। 28 लाख तोला सोना, जिसकी कीमत करीब 800 अरब पाकिस्तानी रुपये है, वह अटक के 32 किलोमीटर इलाके में मौजूद है। इसकी पुष्टि पाकिस्तान के भूगर्भीय सर्वे विभाग ने भी की है। इससे पंजाब के प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने का पता चलता है। रिसर्च के बाद 28 लाख तोला सोने के भंडार की पुष्टि हो गई है।'

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंधु नदी के इलाके में यह सोने का भंडार मिला है। सिंधु नदी दुनिया की सबसे पुरानी और लंबी नदियों में से एक है। सिंधु नदी सभ्यता इसी के किनारे पनपी और इसका भारत और पाकिस्तान के इतिहास में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोने का जो भंडार सिंधु नदी क्षेत्र में मिला है, वह पहाड़ों में टेक्टोनिक प्लेट्स के टकराने से हजारों-लाखों साल में प्राकृतिक रूप से तैयार हुआ है।



**आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को कुछ राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। दरअसल पाकिस्तान में 28 लाख तोला यानी करीब 28 हजार किलो सोने का भंडार मिला है**

यह सोना नदी के पानी के साथ बहकर गुरुत्वाकर्षण के चलते एक जगह विशेष पर इकट्ठा हो गया। इस पूरी प्रक्रिया को प्लेसर गोल्ड डिपॉजिट कहा जाता है। हालांकि पाकिस्तान की सरकार से अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारी बयान नहीं आया है।

पाकिस्तान इन दिनों भारी कर्ज से जूझ रहा है। पाकिस्तान के लोग महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं और आधारभूत जरूरतों के लिए भी जूझ रहे हैं।

आईएमएफ से कर्ज लेने के लिए पाकिस्तान की सरकार काफी दिनों से कोशिश कर रही है। अब सोने का भंडार मिलने से पाकिस्तान को गरीबी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# जोरान मिलनोविक ने राष्ट्रपति चनाव में दूसरी बार दर्ज की जीत

**जाग्रेब ।** क्रोएशिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां विपक्ष समर्थित राष्ट्रपति जोरान मिलनोविक ने रविवार को एक और पांच साल के कार्यकाल के लिए चुनाव जीत लिया। उन्होंने सत्तारूढ़ रूढ़िवादी पार्टी के उम्मीदवार ड्रैगन प्रिमोरैक को रनऑफ वोट में हराया। आधिकारिक परिणामों के अनुसार, मिलनोविक को इस चुनाव में लगभग 74 प्रतिशत वोट मिले वहीं प्रिमोरैक को लगभग 26 प्रतिशत वोट ही पा सकें। बता दें कि 29 दिसंबर को पहले दौर में मिलनोविक ने आसानी से जीत हासिल की थी, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी ड्रैगन प्रिमोरैक और अन्य उम्मीदवार बहुत पीछे रह गए थे। हालांकि मिलनोविक को 50 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लिए सिर्फ 5,000 वोटों की कमी थी, इसलिए फिर से मतदान कराना पड़ा।



# जेफ बेजोस की कंपनी को झटका, अंतिम समय में आई तकनीकी समस्या की वजह से टालना पड़ा रॉकेट का प्रक्षेपण

**कैप कैनावेरल ।** दुनिया के टॉप पांच रईसों में शुमार अमेजन के मालिक जेफ बेजोस अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च करने को तैयार थे। मगर अंतिम समय में उनकी कंपनी ब्लू ओरिजिन को तकनीकी कारणों की वजह से इस प्रक्षेपण को रद्द करना पड़ा।

### मस्क को टक्कर देने की तैयारी में बेजोस

गौरतलब है, फिलहाल अतंरिक्ष में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का दबदबा है। मगर बेजोस टेस्ला सीईओ को टक्कर देने की तैयारी कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार यानी आज तड़के नए रॉकेट का पहला प्रक्षेपण करना था, लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के चलते आखिरी समय में इसे टालना पड़ा।

### उल्टी गिनती के समय आई समस्या

320 फुट यानी 98 मीटर न्यू ग्लेन रॉकेट को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से एक प्रोटोटाइप उपग्रह के साथ सुबह से पहले प्रक्षेपित किया जाना था। लेकिन तभी विशेषज्ञों को उल्टी गिनती के अंतिम मिनटों में एक अनिर्दिष्ट रॉकेट समस्या से जूझना पड़ा और समय संमाप्त हो गया। जैसे ही उल्टी गिनती की घड़ी रुकी, उन्होंने तुरंत रॉकेट से सारा ईंधन निकालना शुरू कर दिया।



### नई तारीख का एलान नहीं

ब्लू ओरिजिन ने फिलहाल कोई नई तारीख का एलान नहीं किया है। उसका कहना है कि टीम को समस्या को दूर करने के लिए और अधिक समय की जरूरत है। परीक्षण उड़ान में पहले ही समुद्र की उथल-पुथल के कारण देरी हो चुकी थी, जिससे अटलांटिक महासागर में प्रथम चरण के बूस्टर को उतारने की कंपनी की योजना को खतरा पैदा हो गया था।

न्यू ग्लेन का नाम पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले पहले अमेरिकी जॉन ग्लेन के नाम पर रखा गया है। यह ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट की तुलना में पांच गुना लंबा है जो भुगतान करने वाले ग्राहकों को टेक्सास से अंतरिक्ष के किनारे तक ले जाता है। बता दें, अमेजन के जेफ बेजोस ने 25 साल पहले इस कंपनी की स्थापना की थी। उन्होंने फ्लोरिडा के ऑरलैंडो से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) पूर्व में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के गेट के ठीक बाहर रॉकेट फैक्ट्री में स्थित मिशन कंट्रोल से सोमवार की उलेटी गिनती में भाग लिया। उन्होंने रविवार शाम को कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम खुद को संभालेंगे और चलते रहेंगे।

# गाजियाबाद में एचएमपीवी वायरस का पहला संदिग्ध मामला आया सामने

## 93 साल के बुजुर्ग वेंटिलेटर पर, सैंपल एम्स भेजा

### परिवार के सभी दस सदस्य एकदम स्वस्थ







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का पहला संदिग्ध मामला सामने आया है। नेहरू नगर स्थित एक निजी अस्पताल में 93 वर्षीय एक बुजुर्ग को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। मरीज पहले से ही सांस की बीमारी से पीड़ित है और अक्सर अस्पताल में भर्ती होते रहे हैं। यह यूपी का दूसरा केस है इससे पहले लखनऊ में भी एक मरीज में इस तरह के लक्षण मिल चुके हैं।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता के अनुसार, मरीज में एचएमपीवी के लक्षण दिखने के बाद अस्पताल ने स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया। विभाग ने तुरंत मरीज का सैंपल लेकर एम्स भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट आने में लगभग 15 दिन का समय लगेगा।

स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतते हुए मरीज के परिवार के सभी 11 सदस्यों की जांच की, जिनमें से 10 लोग पूरी तरह स्वस्थ पाए गए हैं। विभाग ने परिवार की काउंसलिंग की है और उनके संपर्क में आए अन्य लोगों का भी पता लगाया जा रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मरीज की कोई यात्रा का इतिहास सामने नहीं आया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इस वायरस की खबरें आते ही स्वास्थ्य विभाग ने सभी आवश्यक गाइडलाइन जारी कर दी थीं और जरूरी व्यवस्थाएं पहले से ही कर ली गई थीं। विभाग स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# वार्ड 98 में पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने किया ओपन जिम का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 मनोज विहार में ओपन जिम शुरू हुआ। इसका उद्घाटन पार्षद डॉ अनिल तोमर ने किया। उन्होंने कहा कि सभी को सेहत के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ओपन जिम शुरू होते ही लोगों ने उत्साह के साथ व्यायाम किया। इस ओपन जिम में 8 उपकरण लगाए गए हैं। जिसमें टहलने के लिए वॉकर, सेटअप बेंच, एयर च्स्वग, स्टेयर स्टेपर, लेग प्रेस, पुल अप समेत कई उपकरण लगाए गए हैं। इस जिम में व्यायाम करने वाले लोगों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने इस मौके पर महापौर व नगर आयुक्त का आभार जाता है जिन्होंने क्षेत्र के लिए ओपन जिम दिया। इस मौके पर रेल विहार के लोगों ने पार्षद का आभार व्यक्त किया गया और कहा कि हमारे वार्ड का पार्षद जनता के बीच रहकर विकास के कार्य कर रहे है।



इस अवसर पर इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि डॉक्टर लेना तोमर नरेंद्र त्यागी शिवानंद राय डॉक्टर बी के वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही लखनऊ भेजे गये पैनल में नहीं गया हो भगवा मास्टर का नाम? मगर यहां पर एक राहत की बात ये है कि जब हुई थी गेस्ट हाऊस पर ब्राह्मण फैक्टर पर चर्चा? तब उसमें शामिल था उनका नाम? कहने वाले ने कहा अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है मास्टर जी का गेम? अगर कहानी पलटी, और होने लगी ऊपर ब्राह्मण फैक्टर पर चर्चा तब उनके नाम का भी दिखाई देगा क्लेम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर इधर वाले विधायक ने उधर वाले विधायक के क्षेत्र में मंडल अध्यक्षों वाले मैटर में नहीं किया होता इतना हस्तक्षेप? तब कुछ और ही जा रहा होता महानगर अध्यक्ष की दावेदारी का संदेश? सुना है इधर वाले विधायक की दखल ने उधर वाले विधायक में भरी दी है जबदस्त ऊर्जा? तभी आप देख रहे हैं उनके समर्थक और विधायक खुद आकर लगा रहे हैं फ्रंटफुट में शाट? कुछ भी कहो मजा बहुत आ रहा है क्योंकि मामला हो गया है अब बहुत ज्याद हॉट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये तो बॉबी भैया को भी होगी जानकारी? जिस चेहरे से थी उनको काफी उम्मीद, उस चेहरे ने नहीं निभाई उतनी यारी? हमें पता है बॉबी भैया खामोशी से सह लेंगे ये दर्द? हमेशा किसी ना किसी बात पर खो ही जाती है उनकी चाबी? कुछ ऐसे मामले हो जाते हैं अचानक दर्ज? कहने वाले ने कहा बावजूद इसके लखनऊ के गलियारों में उनका चल रहा है मजबूती से नाम? और भी कई चेहरे हैं जो उनका साथ दे रहे हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बड़े पॉवर सेंटर ने जो रखा है एक ओबीसी चेहरे का नाम? बस इसी चेहरे को लेकर छेड़ा हुआ है अंदरखाने घमासान? सुना है कम उम्र वाले इस चेहरे के सामने कम उम्र वाले ही दूसरे पंजाबी चेहरे का पूरे गौरव से किया जा रहा है इस्तेमाल? कहने वाले कह रहे हैं कि उससे ज्यादा तो ये चेहरा एक्टिव है? इसे ही अध्यक्ष बना दो, अगर नहीं रखना है उम्र वाले पैरामीटर का ख्याल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर अध्यक्ष की दावेदारी और पैरोकारी वाले गेम में कश्यप जी ने खुद को रखा हुआ है खुद को बहुत ही ज्यादा दूर? वो दूर से ही इस मामले का इंजॉय ले रहे हैं भरपूर? वो निभा रहे हैं ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर, वाला किरदार? जब मामला फाईनल स्टेज पर आयेगा तब किसी एक नाम पर जता देंगे वो अपना ऐतबार? कहने वाले ने कहा कश्यप जी जानते हैं कि उन्हें खेलनी है राजनीति के बड़े मैदान पर पारी? महानगर लेवल पर राय देकर क्यों डिस्टर्ब करें वो अपनी अदाकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर अध्यक्ष को लेकर भगवागढ़ में तीन वैश्य दावेदार? मौजूदा माहौल को देख कर हमारी एक वैश्य दावेदार को सलाह है कि वो खुद को मान लें गेम से बाहर? अभी से संभाल लें वो अपना दिल? अभी से समझ जायें कि अध्यक्ष वाला पद उन्हें नहीं रहा है मिल? अगर अभी से अपना माइंड मेकअप कर लेंगे तो घोषणा के वक्त नहीं टूटेगा उनका दिल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के हैवीवेट वालों के अतिप्रिय भगवा कमिश्नर ने खेल दी है अभी से जबरदस्त पारी? सुना है जो बनाया है उन्होंने मंडल की टीम वाला ग्रुप? उसमें चार पार्षदों को नहीं खेलने दी गई है पारी? पता चला है ये चारों पार्षद पहलवान और पहलवान के दोस्त के हैं बहुत ज्यादा खास? शायद ये ही एक वजह है जो भगवा कमिश्नर ने नहीं रखा है इनको अपने साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी भगवा कमांडर किसी धार्मिक यात्रा का करते हैं सफर? तो उस यात्रा और आयोजन का राजनीति में दिखाई देता है मजबूत वाला असर? हमने देखा कि जब बने थे भगवा कमांडर दूसरी बार अध्यक्ष? तब उन्होंने मथुरा में डाला था डेरा? विधायक बनने से पहले दूधेश्वरनाथ मंदिर में कई दिनों तक डाला था उन्होंने फेरा? सुना है अब वो कई दिन की धार्मिक यात्रा पर निकल चुके है श्रीमान? ऐसा लगता है ये भी तपस्या उनकी असर दिखायेगी? प्रभु कृपा रहेगी तो हो जायेगा उनके दोस्त का भी काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब महानगर अध्यक्ष बनने की चेहरे पर चमक लेकर भगवा मास्टर जी नामांकन भर कर आये थे पार्टी कार्यालय से बाहर? तब हमने देखा कि एक विधायक ने उनको देखकर एक गाना गुनगुनाया था यार? कहा था संगठन कैसे चलेगा तुम्हारे बिन? हमें उम्मीद है तुम होओगे कामयाब एक दिन? अब विधायक जी के इस गाने के पीछे क्या थे संदेश? गाना सुनने के बाद चौंका हुआ सा नजर आ रहा था मास्टर जी का फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में आज नहीं मचा होता इतना घमासान? अगर पार्टी के वरिष्ठ वैश्य चेहरे ने यहां पर चला होता मंडल वाला प्लान? सुना है मंडल वाले मैटर पर वो शहर से लेकर साहिबाबाद और मुरादनगर तक रहे थे खामोश? नहीं दिखाया था उन्होंने यहां पर किसी भी तरह का जोश? मगर महानगर अध्यक्ष वाले मैटर में उन्होंने जिस तरह दिया पूरा ध्यान? बस इस ध्यान ने ही खड़ा कर दिया है घमासान? अगर वो यहां पर मंडल वाले मैटर की तरह नहीं देते राय? तो आज तय हो गया होता कोई एक नाम? नहीं हो हो रहा होता इतना घमासान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# स्टेट चैंपियनशिप में गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने जीते 26 मैडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने मास्टर्स बैडमिंटन स्टेट चैंपियनशिप में 26 मैडल जीत कर जनपद गाजियाबाद को गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों ने पैंतीस प्लस से सत्तर प्लस आयुवर्ग की कैटगरी की सिंगल्स, डबल्स, मिक्स डबल्स की प्रतियोगियों में प्रतिभाग किया। मधुमिता मिश्रा ने तीन गोल्ड, सुनील दत्त त्यागी ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, जितेन्द्र चौहान ने एक गोल्ड व एक ब्राज। दीपिका यादव ने दो गोल्ड व एक सिल्वर, संजीव कुमार ने एक गोल्ड व एक ब्राज, रेखा सिंह ने एक गोल्ड, अदिति पटवाल ने दो सिल्वर, अरविंद पाल सिंह ने एक सिल्वर, सीएस सैनी ने जायक सिल्वर, अरविंद कुमार ने एक सिल्वर व एक ब्राज, अनुराधा शर्मा ने एक सिल्वर व एक ब्राज, सुरेन्द्र कुमार त्यागी एक ब्रॉन्ज, एम, एल, कौशिक एक ब्रॉन्ज, माहेश्वर सिंग एक ब्राज, दीप्ती एक ब्राज, सुदर्शना एक ब्राज, हेमन्त टंडन एक ब्राज, अदिति पटवाल एक ब्राज। गाजियाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल तथा सचिव नरेन्द्र शर्मा व कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# खोड़ा में हर्षोल्लास से मना लोहड़ी पर्व, लोकगीतों पर झूमीं महिलाएं



## खुशियों के माहौल के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को दी लोहड़ी पर्व की बधाई

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में लोहड़ी का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को लोहड़ी पर्व की बधाई दी। खुले स्थान पर आग जलाने के बाद नृत्य करते हुए मूंगफली, गजक, तिल आदि डालकर परिक्रमा लगाई। महिलाओं ने लोहड़ी के गीतों पर नृत्य करके धूम मचा दी गई। खुशियों का माहौल बना रहा। इस मौके पर जे.के मॉडर्न स्कूल की चेयरमैन मैडम मुकेश यादव ने अग्नि की परिक्रमा करते हुए जलार्पण किया और अन्न का भी अर्पण किया। तत्पश्चात शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अग्नि के फेरे लिए और सुंदर तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

# 3 सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार, लाइसेंस हथियार के साथ करते थे नौकरी

## 14 कारतूस किए गए बरामद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना मसूरी पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले से आए तीन सिक्योरिटी गार्डों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों का नाम दाऊद खान, मुख्तार और आजाद खान है। जो स्थानीय मीट फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। डीसीपी सुरेन्द्रनाथ तिवारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई की गई। पहले कठुआ जिले से फरार एक आरोपी को मसूरी से पकड़ा गया था, जिसके बाद पुलिस ने अभियान चलाकर बिना लाइसेंस सिक्योरिटी एजेंसी चलाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया।

जांच में पता चला कि तीनों आरोपी अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर जारी शस्त्र लाइसेंस का उपयोग कर रहे थे। दाऊद और मुख्तार अपने पिता के लाइसेंस वाले हथियार का इस्तेमाल कर रहे थे, जबकि आजाद अपने भाई के लाइसेंस वाले हथियार से काम कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों से एक .32 बोर की रिवाल्वर और 9 कारतूस, साथ ही दो 12 बोर की बंदूकें और 14 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अवैध कार्यों में संलिप्त अन्य लोगों की तलाश जारी है और अभियान आगे भी चलता रहेगा।

# नहाते समय युवती की मौत गीजर से दम घुटने की आशंका

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डासना में नहाते समय युवती की मौत की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। यह युवती दिल्ली की रहने वाली है। जो गाजियाबाद के डासना में अपने मामा के घर आई थी। परिजनों का कहना है कि बाथरूम में गीजर से दम घुटने के कारण मौत हुई है। इस मामले में परिजनों ने कोई भी कार्रवाई से मना कर दिया। दिल्ली की रहने वाली थी आफरीन पुलिस के अनुसार दिल्ली के जाफराबाद निवासी आफरीन की शादी तय हो चुकी थी। जाफरीन (21 साल) डासना में अपने मामला सलीम के घर आई हुई थी। जहां नहाते समय युवती की मौत हो गई। जब एक घंटे तक भी बाथरूम का दरवाजा नहीं खोला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। उसके बाद बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया। जहां युवती बेसुध पड़ी थी। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि परिवार ने भी गीजर से दम घुटने से मौत होनी बताई।



# श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर का धूना चेतन समारोह धूमधाम से हुआ : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

## श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के दिशा-निर्देशन में हुए धूना चेतन में हजारों संतों व भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया





**प्रयागराज, करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा रविवार को श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा में धूना चेतन का आयोजन किया गया। धूना चेतन में संतों व भक्तों के लिए भोजन प्रसाद व भंडारे की व्यवस्था की गई। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के दिशा निर्देशन व मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के सानिध्य में धूना चेतन में हजारों संतों व भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि मंदिर के ब्रहमलीन श्रीमहंत गौरी गिरि महाराज जिस स्थान पर धूना चेतन की परम्परा का निर्वहन करते थे उसी प्राचीन जगह पर रविवार को मंदिर की धूना चेतन समारोह का आयोजन किया गया। धूना चेतन में पूजा-अर्चना के बाद संतों के लिए नाश्ते, भोजन प्रसाद व भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। जूना अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, दिल्ली संत महामंडल के संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरि महाराज, कोषाध्यक्ष महंत धीरेंद्र पुरी महाराज, श्रीमहंत कन्हैया गिरि महाराज, प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट द्वारिका पुरही गाजियाबाद के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज, महंत जगदीश गिरि महाराज, महंत विजय गिरि महाराज आदि भी मौजूद रहे।

# 2 करोड़ की डकैती का आखिरी आरोपी गिरफ्तार, बिहार के मधुबनी से पकड़ा

## आरोपी के पास से पुलिस ने 3 लाख 45 हजार रुपए नकद और 47 चांदी के सिक्के बरामद किए हैं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वीवीआईपी इलाके में हुई 2 करोड़ की डकैती का आखिरी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। बिहार के मधुबनी से पकड़े गए चौथे आरोपी के पास से पुलिस ने 3 लाख 45 हजार रुपए नकद और 47 चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। इस गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने डकैती की पूरी रकम बरामद कर ली है। मामला पिछले मंगलवार का है, जब कवि नगर क्षेत्र में स्टील कारोबारी आरडी गुप्ता के घर डकैती की वारदात हुई थी। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, वारदात को घरेलू नौकर चंदन ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। मुख्य आरोपी चंदन ने पूछताछ में बताया कि उसने अपनी बहन की शादी के लिए यह डकैती की थी। उसे पता था कि घर में सीसीटीवी कैमरे बंद हैं और केवल बुजुर्ग दंपति मौजूद रहते हैं। पुलिस पहले ही मुख्य आरोपी चंदन समेत दो अन्य आरोपियों - ओमप्रकाश और सुनील को गिरफ्तार कर चुकी थी। ये सभी विभिन्न घरों में काम करने वाले नौकर थे। अब चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के साथ मामला पूरी तरह सुलझ गया है। पुलिस के मुताबिक वारदात में कुल चार ही लोग शामिल थे, जिन्होंने हथियारों के बल पर बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर डकैती को अंजाम दिया था।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नन्ही परी अमानया सिंह की पहली लोहड़ी की खुशी को दादा सरदार एसपी सिंह ने अपने सभी रिश्तेदारों परिजनों समर्थकों शुभचिंतकों के साथ साझा किया। दादा पोती की खुशियों को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।